


# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 257

ग्वालियर, गुरुवार, 11 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## छठ महापर्व पर राष्ट्रपति कोविंद, शाह, गडकरी आदि नेताओं ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली /** देशभर में छठ महापर्व मनाया जा रहा है। चार दिवसीय पर्व का बुधवार को सबसे खास दिन है। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई बड़े राजनेताओं ने देशवासियों को बधाई दी है। कार्तिक माह के छठवें दिन मनाया जाने वाला यह त्यौहार विशेष रूप से सूर्यदेव को समर्पित होता है। इस दौरान महिलाएं व्रत और पूजापाठ करती हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने ट्वीट में लिखा कि छठ पूजा के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। यह पर्व प्रकृति, विशेषकर सूर्य? व?? जल पर हमारी निर्भरता? को स्वीकारने का भी अवसर है। मेरी कामना है कि यह त?योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत को सबल बनाने के साथ-साथ पर्यावरण-संरक्षण के हमारे प्रयासों को भी सुदृढ़ बनाए।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी 'सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा' की देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा समस्त देशवासियों को सूर्य आराधना के महापर्व 'छठ पूजा' की हार्दिक शुभकामनाएं। सूर्यदेव सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और नई ऊर्जा का संचार करें। जय छठी मैया! केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लिखा सूर्यदेव की उपासना के महापर्व छठ पूजन की समस्त देशवासियों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान सूर्य अपनी ऊर्जा से आपके जीवन को सदा प्रकाशित करें, तथा उनका आशीर्वाद सदैव आपके ऊपर बना रहे।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी लोगों को महापर्व की बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'ऊं आदित्याय नमः सूर्योपासना के अनुपम लोकपर्व छठ पूजा की आपको हार्दिक बधाई! भगवान आदित्य और छठी मैया आपको सुख, समृद्धि और आनंदमय जीवन प्रदान करें। आप सदैव निरोगी रहें और आपकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हों। समस्त जीवों का मंगल और कल्याण हो, शुभकामनाएं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने को दी मंजूरी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने को मंजूरी दे दी है। यह दिन वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को समर्पित है ताकि आने वाली पीढ़ियां देश के प्रति उनके बलिदानों के बारे में जान सकें। संथाल, तामार, कोल, भील, खासी और मिज़ो जैसे कई जनजातीय समुदायों द्वारा विभिन्न आंदोलनों के जरिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम को मजबूत किया गया था। जनजातीय समुदायों के क्रांतिकारी आंदोलनों और संघर्षों को उनके अपार साहस एवं सर्वोच्च बलिदान की वजह से जाना जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ आदिवासी आंदोलनों को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा गया और इसने पूरे देश में भारतीयों को प्रेरित किया। हालांकि, देश के ज्यादातर लोग इन आदिवासी नायकों को लेकर ज्यादा जागरूक नहीं है। वर्ष 2016 के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण के अनुरूप भारत सरकार ने देश भर में 10 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को मंजूरी दी है।

15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती होती है, जिनकी देश भर के आदिवासी समुदायों द्वारा भगवान के रूप में पूजा की जाती है। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था की शोषक प्रणाली के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और %उलगुलान% (क्रांति) का आह्वान करते हुए ब्रिटिश दमन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया। मंत्रिमंडल की आज की यह घोषणा आदिवासी समुदायों के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को स्वीकृति प्रदान करती है। यह जनजातीय गौरव दिवस हर साल मनाया जाएगा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और वीरता, आतिथ्य और राष्ट्रीय गौरव के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देगा। रांची में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंतिम सांस ली थी।

भारत सरकार ने जनजातीय लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के 75 साल पूरे होने का जश्न और इसका उत्सव मनाने के लिए 15 नवंबर से 22 नवंबर 2021 तक सप्ताह भर चलने वाले समारोह के आयोजन की योजना बनाई है।

## रेप-हत्या में पीड़ितों की कम उम्र, मौत की सजा देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली /** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बलात्कार और हत्या के मामलों में पीड़ितों की कम उम्र को मृत्युदंड देने के लिए अदालत द्वारा एकमात्र या पर्याप्त आधार' नहीं माना गया है। इसके साथ ही, न्यायालय ने अपने फैसले का जिक्र किया, जिसमें पिछले 40 वर्षों में उसके द्वारा निपटाए गए 67 इसी तरह के मामलों का विश्लेषण किया गया था।

न्यायालय की यह महत्वपूर्ण टिप्पणी इरप्पा सिद्दप्पा की अपील पर की गई है, जिसे निचली अदालत ने दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने छह मार्च, 2017 को निचली अदालत के फैसले को बरकार रखा था। इरप्पा को 2010 में कर्नाटक के एक गांव में पांच साल की बच्ची के अपहरण, बलात्कार और हत्या के आरोप में दोषी ठहराया गया था।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने बलात्कार, हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अपराधों के लिए सिद्दप्पा की दोषसिद्धि की पुष्टि की, लेकिन मृत्युदंड की सजा को रद्द कर दिया और इसे 30 साल की अवधि के लिए आजीवन कारावास में बदल दिया।

पीठ की ओर से न्यायाधीश खन्ना द्वारा लिखे गए फैसले में कहा गया है हम सत्र अदालत द्वारा सुनाई गई और उच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखी गई मौत की सजा को कम कर आजीवन कारावास करने के लिए पर्याप्त कारक पाते हैं, इस निर्देश के साथ कि अपीलकर्ता धारा 302 (हत्या) के तहत अपराध के लिए समय से पहले रिहाई या छूट का हकदार नहीं होगा, जब तक कि वह कम से कम तीस साल तक कारावास में नहीं रहे।

पीठ ने यह भी कहा सजाएं साथ-साथ चलेंगी। पीठ ने बलात्कार और हत्या के मामलों में पीड़ितों के नाबालिग होने के आधार पर व्यापक सुनवाई की तथा शत्रुघ्न बबन मेश्राम मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले का जिक्र किया, जिसमें पिछले 40 वर्षों में सुप्रीम कोर्ट के 67 फैसलों का विश्लेषण किया गया था।

## दाऊद के करीबी को फडनवीस ने दे रखा था संरक्षण, जाली नोट और वसूली का धंधा चलाया : नवाब मलिक




**मुंबई /** महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस और राज्य में रही उनकी सरकार के दौरान किए गए कामों पर निशाना साधा। नवाब मलिक ने कहा कि एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े को बचाने की कोशिश हो रही है। वहीं, उन्होंने देवेंद्र फडनवीस की तरफ से लगाए सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि फडनवीस ने अपने कार्यकाल में जाली नोटों के धंधे को बढ़ावा दिया और उनके इशारे पर मुंबई में उगाही हो रही थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि दाऊद के करीबी रियाज भाटी को देवेंद्र फडनवीस का संरक्षण हासिल था। फडनवीस की ओर से मुंबई धमाकों के आरोपी से जमीन खरीदने के आरोप पर नवाब मलिक ने कहा कि उन्होंने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए वह जमीन खरीदी थी। नवाब मलिक ने यह भी कहा कि जब आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी हुई। पीएम मोदी ने कहा कि नोटबंदी इसलिए की जा रही है ताकि आतंकवाद, काला धन खत्म होगा। उन्होंने कहा था कि बड़े पैमाने पर फर्जी नोट हैं, उन्हें खत्म करने के लिए नोटबंदी की गई। मध्य प्रदेश, तमिलनाडु में जाली नोट पकड़े जाने लगे इसके बाद लेकिन आठ अक्टूबर 2017 तक, लगभग एक साल तक जाली नोट का एक भी मामला सामने नहीं आया, क्योंकि देवेंद्र फड़नवीस के संरक्षण में जाली नोट का कारोबार महाराष्ट्र में चल रहा था।

नवाब मलिक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए देवेंद्र फडनवीस ने सारे अपराधियों को सरकारी पदों पर बैठाया। मलिक ने कहा कि हम प्रधानमंत्री पर आरोप नहीं लगाना चाहते लेकिन रियाज भाटी उनके कार्यक्रम में कैसे पहुंच गया, उसे पीएम के कार्यक्रम का पास कैसे मिल गया। बता दें कि रियाज भाटी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद का बेहद करीबी माना जाता है और उसके पास से डबल पासपोर्ट मिला था। मलिक ने पूछा कि डबल पासपोर्ट मिलने के बावजूद रियाज भाटी को दो दिन में कैसे छोड़ दिया गया। उन्होंने पूछा रियाज भाटी फरार है, मुन्ना यादव पर मुकदमे हैं, तो ये फडनवीस के साथ कैसे दिखते थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जाली नोटों का पाकिस्तान से संबंध रहा है।

नवाब मलिक ने कहा कि आठ अक्टूबर 2017 को डीआरआई ने छापेमारी की और 14।56 करोड़ रुपये के फर्जी नोट बरामद किए लेकिन इस केस को तत्कालीन मुख्यमंत्री फडनवीस ने कमजोर बना दिया। उन्होंने सिर्फ 8।80 लाख रुपए के नोटों की जब्ती ही सार्वजनिक की। मुंबई से गिरफ्तार एक आरोपी इमरान आलम शेख को जमानत मिल गई और कोई जांच नहीं हुई। मलिक ने बताया कि शेख भाजपा नेता हाजी अराफत शेख का छोटा भाई है। हाजी अराफत शेख को फडनवीस सरकार में अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाया गया ता।



## 4 नई तहसीलों के गठन से 181 ग्राम के निवासियों को होगा फायदाः राजस्व मंत्री



**भोपाल /** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुपालन मंत्रि-परिषद प्रदेश में चार नई तहसीलों के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि खंडवा जिले की पुनासा तहसील का पुनर्गठन कर नई तहसील मूंदी को मंजूरी मिली है। मूंदी में अब नया तहसील भवन बनाया जाएगा। इस नई तहसील मूंदी में 31 पटवारी हलको के 60 ग्रामों को शामिल किया गया है, जिससे यहाँ की जनता को तहसील से जुड़े सभी कार्य के लिए अब पुनासा जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी प्रकार खंडवा जिले में ही एक और नई तहसील किल्लोद का गठन कर मंजूरी दी गई है। नई तहसील किल्लोद में 16 पटवारी हलको के 32 ग्राम एवं डूब क्षेत्र के 31 ग्राम तथा एक वन ग्राम सहित 64 ग्राम शामिल किए गए हैं।

राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इसी प्रकार टीकमगढ़ जिले में नई तहसील दिगौड़ा के गठन को मंजूरी दी गई है। नई तहसील दिगौड़ा में 19 पटवारी हलके के 43 ग्राम शामिल किए गए हैं। बुरहानपुर जिले में नवगठित नवीन तहसील धूलकोट में 11 पटवारी हलको के 14 ग्राम शामिल किए गए हैं। परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री राजपूत के विशेष प्रयास से नवगठित चार तहसीलों के 181 ग्राम के निवासियों को राजस्व से जुड़े सभी प्रकार के मामलों के निराकरण के लिए अब दूसरी तहसीलों में नहीं जाना पड़ेगा। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश की शिवराज सरकार हमेशा जन-हितैषी निर्णय लेकर आम जनता की सुविधा को बढ़ाने के प्रयास में लगी रहती है। राजस्व विभाग का यह प्रयास सुशासन की दिशा में एक कदम बढ़ाने की कोशिश है।

## सरकार ने घाटी में भेजे 5500 अतिरिक्त जवान

**नई दिल्ली /** कश्मीर में आम नागरिकों की लक्षित हत्याओं की आतंकी घटनाओं में वृद्धि के चलते केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 5500 से अधिक अतिरिक्त जवानों (55 कंपनी) को घाटी में भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा को चाक-चौबंद करने और जमीन पर बलों की तैनाती दिखने की रणनीति के तहत सीएपीएफ की नई कंपनियां घाटी भेजी गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने निर्देश दिया था कि आम नागरिकों की लक्षित हत्याओं के मद्देनजर केंद्रीय बलों की लगभग 55 नई कंपनी कश्मीर घाटी में तैनात की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कवायद की अंतिम पांच कंपनी अगले सप्ताह तक तैनात हो जाएंगी। इनमें से 25 कंपनियां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की हैं और शेष सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की हैं। सीएपीएफ की एक कंपनी में लगभग 100 कर्मी होते हैं।







# दो अलग-अलग स्थानों पर पटाखा चलाने से दो युवक झुलसे

## दोनों युवक जिला अस्पताल में हुए भर्ती, इलाज जारी





मुरैना। न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में पटाखा चलाने के दौरान एक युवक झुलस गया, जिसे इलाज के लिए घायल अवस्था मे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम खेरा मैं मामा के घर गया युवक पटाखे जलाने के दौरान जल गया, उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मुरैना नगर निगम के अंतर्गत आने वाली न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मंगलवार की देर रात 18 वर्षीय युवक नीरज गुर्जर पटाखा चला रहा था। उसी दौरान नीरज ने हाथ में पकडकर रॉकेट चलाने का प्रयास किया तो रॉकेट में अचानक आग लग गई और रॉकेट दाएं हाथ मे फट गया। जिससे नीरज का हाथ झुलस गया। पता लगने पर परिजन इलाज के लिए घायल युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ ने युवक का इलाज किया। प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवक को वार्ड में भर्ती कर दिया है। बता दें कि घायल युवक नीरज गुर्जर अपने मामा के यहां न्यू हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में आया हुआ था। पटाखा चलाते समय उक्त घटना घटित हो गई ।

इधर बागचीनी थाना क्षेत्र के छैरा गाँव में ओमप्रकाश किरार नामक व्यक्ति रहते है। जिनका 15 वर्षीय बेटा राजा किरार मुरैना नगर निगम के अंतर्गत आने वाला मुरैना गाँव में रहने वाले मामा प्रदीप यादव के घर पर बुधवार को आया हुआ था। जहां राजा बच्चों के साथ पटाखे चला रहा था। तभी पटाखा चलाते समय राजा के दाएं हाथ में फट गया ओर राजा घायल हो गया। पता चलने पर परिजन तुरन्त राजा को घायल अवस्था मे जिला अस्पताल लेकर आये, जहां इमरजेंसी पर उपस्थित नर्सिंग स्टाफ ने घायल किशोर का इलाज किया। नर्सिंग स्टाफ के मुताबिक हाथ मे घाव होने पर 6 टांके लगाए गए हैं। प्रथमिक उपचार करने के बाद घायल राजा को परिजनों के साथ घर भेज दिया।

# ग्राम जड़ेरू के सहरिया आदिवासी तालाब से पानी लेकर रबी फसलें लेने लगें

मुरैना। जिला मुख्यालय से कोई 100 किलोमीटर दूर वनांचल में स्थित ग्राम जडेरू के सहरिया आदिवासियों के यहां रिंक बण्ड और तालाव का निर्माण हो जाने से अब यह परिवार रबी की फसल गेहूं, सरसों, चना, बाजरा सहित सब्जियों की पैदावार कर रहें है।

जिले के दक्षिण दिशा में स्थित इस गांव के लोग बरसात के समय खरीफ की फसल लेने के बाद बिना काम के निठ्ले बने 6 माह का समय व्यर्थ निकालते थे। जडेरू गांव में शत-प्रतिशत सहरिया परिवार के लोग निवासरत है, किन्तु बरसात के समय मिलने वाला पानी नहीं रोक पाने के कारण इनको खरीफ फसल लेना मजबूरी बना हुआ था, अब सरकार ने रिंक बण्ड और तालाव का निर्माण कराया है। तब से जड़ेरू गांव के सहरिया परिवार के लोग खरीफ के अलावा रबी फसल लेने के लिये प्रेरित हो गये है। अब इन परिवारों में उम्मीद की किरण जाग उठी है, जंगली क्षेत्र में चारो ओर अब रबी सीजन में हरियाली ही हरियाली नजर आती है। सहरिया परिवार के लोग खरीफ के अलावा रबी फसल में अब बाजरा अरहर के अलावा सरसों, गेहूं, चना की फसलें ले रहे है और ग्रीष्म ऋतु में जानवरों और गांव के निस्तार के लिये भी पर्याप्त मात्रा में और पीने के लिये पानी उपलब्ध है। रिंग बण्ड और तालाव बनने से वाटर लेवल ऊपर आने लगा है, जिस कारण कुंआ, बाबडी और हेण्डपंपों का जलस्तर बढने लगा है।



जडेरू ग्राम मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और ग्वालियर जिलों की सीमा पर स्थित है। कृषक बंधे, मंगलिया, प्रभू, लालपति, काशीराम, जनकू, चरनू और बच्चू आदिवासी ने बताया कि यहां दोमठ मिट्टी पायी जाती है, जिसको पानी की अधिक आवश्यकता होती है। यहां की भूमि पानी पर निर्भर रहती है, किन्तु रबी सीजन में यहां नहर एवं कूऐं का निर्माण नहीं होने से यहां के किसान रबी की फसल कभी नहीं ले पाते थे। प्रदेश सरकार द्वारा पिछले दो वर्षो में 3 लाख 30 हजार रूपये की लागत से रिंक बण्ड का निर्माण कराया और साढे 7 लाख रूपये की लागत से तालाव का निर्माण कराया, जिसमें सभी गांवों का पानी बरसात के समय निकलकर तालाव और रिंक बण्ड में समायोजित होने लगा। तालाव या रिंक बण्ड में पानी भरने से गांव जडेरू के आसपास सभी खेतों में तालाव से सिंचाई होने लगी है, ग्रामीण लोग रबी की फसल जैसे गेहूं, सरसों, चना और सब्जियां भी उगा रहें है। सहरिया बाहुल्य लोगों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में जलस्तर टूटने के कारण पशुओं को शहरी क्षेत्र के समीप 3 माह के लिये ले जाया करते थे, किन्तु तालाव और रिंक बण्ड बनने के बाद अब ग्रीष्म ऋतु में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पूरे वर्ष भर रहता है। अब हमें ग्रीष्म ऋतु में पशुओं को बाहर ले जाने की जरूरत नहीं पडती। जहां तक कि कुंआ, हेण्डपंप भी पर्याप्त मात्रा में पानी दे रहे है। प्रदेश सरकार ने सहरिया परिवारों का ख्याल रखा, जिस कारण आज जडेरू गांव में पानी की गंगा बह रही है।

# बिरसा मुण्डा जयंती पर भोपाल में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस महासम्मेलन में मुरैना से 1000 व्यक्ति जायेंगे

मुरैना। बिरसा मुण्डा जयंती पर भोपाल में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस महासम्मेलन में भाग लेने के लिये मुरैना जिले से 1 हजार व्यक्ति भोपाल जायेंगे।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने 15 नवम्बर को भोपाल में बिरसा मुण्डा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस महासम्मेलन में मुरैना से 1 हजार व्यक्तियों को भोपाल भिजवाने की जिम्मेदारी जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके गोस्वामी, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक मुकेश पालीवाल को सौंपी है। इन दोंनो अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया है। इन सभी एक हजार व्यक्तियों को भोपाल ले जाने और वापस सुरक्षित मुरैना लाने के लिये बसों का प्रबंध करने के निर्देश दिये है। सम्मेलन का आयोजन जमूरी मैदान भोपाल में किया जायेगा।

कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने बताया कि जिले से एक हजार व्यक्तियों को भोपाल महासम्मेलन में भेजने के लिये अनुविभाग एवं तहसीलदारों व्यक्तियों की सूची तैयार की जा रही है। सूची में व्यक्ति का नाम, बल्दीयत, पता, मोबाइल नंबर आदि संपूर्ण जानकारी सूची में अंकित किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुरैना से समन्वय स्थापित करके आवश्यकतानुसार बसों की उपलब्धता तथा वाहन चालक व वाहन परिचालक आदि स्टाफ की जानकारी प्राप्त करने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। पुलिस विभाग से वाहन चालकों का सत्यापन भी कराया जायेगा।

आवश्यकतानुसार प्रत्येक बस में पुलिस विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बसों को भोपाल पहुंचाने के लिये रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है।

# श्रीराम कॉलेज मे वैक्सीनेशन केम्प का आयोजन किया गया



मुरैना। शासन द्वारा चलाये जा रहे कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के अंतर्गत श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बानमोर में बुधवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। जिसमे श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में उपस्थित समस्त छात्र /छात्राओं एवं समस्त स्टॉफ को वैक्सीन की प्रथम तथा द्वितीय डोज़ लगाई गई। इस टीकाकरण के महाअभियान में 100 से भी अधिक छात्र/छात्राओं का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आर. एस. शर्मा, सचिव हरेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अधिकारी अविनाश शर्मा, प्राचार्य डॉ. विनय जैन तथा समस्त फार्मेसी स्टॉफ उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर फेरन सिंह एवं प्रोफेसर हरीश शर्मा के द्वारा किया गया।

# झुग्गियों में रहने वाले बच्चों के साथ सांझा की जन्मदिन की खुशियां

**-सामाजिक कार्यकर्ता भावना जैन ने बच्चों को बांटे उपहार**

मुरैना। भारतीय जैन मिलन की केंद्रीय संयोजिका एवं विहिप मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन ने अपने जन्मदिन की खुशियां झुग्गियों में रहने वाले मजदूर परिवार के बच्चों के साथ सांझा की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को उपहार भी दिए, जिन्हें पाकर उनके चेहरे खिल उठे।



सामाजिक कार्यकर्ता भवना जैन बुधवार की सुबह चम्बल कालोनी के पास रहने वाले मजदूर परिवारों के बीच पहुंचीं और वहां बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इसके बाद उन्होंने सभी बच्चों को स्वल्पाहार कराया और उपहार के रूप में चॉकलेट्स, स्नेक्स आदि प्रदान किये। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से उनकी पढाई-लिखाई के बारे में पूछा और कहा कि किसी भी हाल में बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। क्योंकि बिना शिक्षा के जीवन दिशाहीन होता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों की पढाई-लिखाई के लिए किसी सामान्य सहयोग की आवश्यकता हो तो वे हर समय सहयोग के लिए तैयार हैं। भावना जैन ने सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सेवाभावी लोगों से अपील भी की, कि किसी भी खास अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर खुशियां बांटें। यह आत्मीय सुकून देने वाला पल होता है। इस अवसर पर उनके साथ जैन मिलन की पूर्व अध्यक्ष बबिता जैन तथा पारुल जैन भी उपस्थित थीं।

# बैठक 11 नवम्बर को

मुरैना। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन की अध्यक्षता में 11 नवम्बर को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के केबिनेट मंत्री दर्जा प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी की उपस्थिति में चर्चा की जायेगी। बैठक में कृषि, महिला बाल विकास, मत्स्य, स्वच्छ भारत, शिक्षा, जिला परियोजना समन्वयक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग, ई-गवर्नेंस, लीड बैंक, कृषि विज्ञान, खादी ग्रामोद्योग, जिला विपणन, जिला शहरी विकास अभिकरण सहित अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# जितने भी समय मैं उनके साथ रहा कुछ न कुछ उनसे सीखने को मिला: सिंधिया

**नागरिक उड्डयन मंत्री ने नम आंखों से दी पदमश्री डॉ सुब्बाराव को श्रद्धांजलि**



मुरैना। भाई जी का व्यक्तित्व ऐसा था, उनके पहुंचते ही शांति, अहिंसा और सद्भावना का वातावरण निर्मित हो जाता था। भाई जी की आत्मा खोज की आत्मा है, वह दीन, दुखी, बेसहारा लोगों में काम ढूंढते थे। उनका उद्देश्य सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करने का होता था। भाई जी हमसे दूर नहीं गए हैं, बस यह मान के चलिए हम से कुछ किलोमीटर आगे निकल गए हैं। वही हमें भी जाना है, वहां भाई जी से हमारी मुलाकात होगी, लेकिन वह मुलाकात तभी संभव है, जब हम उनके पद चिन्हों द्वारा बनाई गई, पगडंडी पर, उनके पदों को चिन्हित करते हुए चलें। भाई जी के साथ मुझे अधिक समय तक साथ रहने का सौभाग्य तो प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन जितने समय मैं उनके साथ रहा हूं, मुझे कुछ न कुछ उनकी आत्मा से सीखने को मिला है। जो आया है, उसे एक दिन जाना ही है, लेकिन हम ऐसा कृतित्व करके जाएं, लाखों लोग हमारे कृतित्व से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाए। यह बात महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा में पदमश्री डॉ एसएन सुब्बाराव को श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना व्यक्त करने आए केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही। इस अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने भाई जी को पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात एकता परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पीवी राजगोपाल ने भाई जी के तीन इच्छाओं के संदर्भ में उन्हें बताया और 14,15,16 अप्रैल-2022 में आयोजित बागी समर्पण की 50वी वर्षगांठ पर सिंधिया को पुनः जौरा महात्मा गांधी सेवा आश्रम में पधारने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर शिक्षाविद एचएल ग्रुप के डायरेक्टर एलएन त्यागी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय गालव त्यागी भूमिहार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीकेश त्यागी के नेतृत्व में भाई जी को भारत रत्न दिलाने एवं अटल प्रोग्रेस वे पर भाई जी के कृतित्व और व्यक्तित्व से जुडा स्मारक बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के समक्ष रखने की मांग केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की गई।

# सिंह रथ चलवाकर और शेर को दूध जलेबी खिला कर आचार्य श्री ने दिया था अहिंसा का संदेश

अम्बाह। सिंह रथ प्रवर्तक, त्रिलोकतीर्थ प्रणेता परम पूज्य विद्याभूषण आचार्य श्री सन्मतिसागर जी महाराज की जन्म जयंती नगर में सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आचार्य श्री सन्मति सागर भक्त मंडल के सदस्यों ने नगर में अनेक सेवा कार्य किये। सर्व प्रथम सिविल अस्पताल में जाकर मरीजों को फल वितरण किये गए एवं परेड चौराहे पर स्थित श्री दिगंबर पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके उपरांत महा वेक्सिनेशन अभियान में कार्य कर रहे सिविल हॉस्पिटल में कर्मचारियों को भी फल वितरित किए गए। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि नगर निरीक्षक रविंद्र कुमार मौजूद थे वहीं कार्यक्रम में वयोवृद्ध समाजसेवी सुमित चंद जैन, जय कुमार जैन तेल मिल वाले, अशोक जैन एडवोकेट, उमेश जैन पार्षद, अजय जैन सर्राफ, अरुण जैन पूर्व पार्षद, डॉक्टर डीएस यादव मौजूद थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टी आई रविंद्र कुमार ने कहा कि आचार्य श्री सन्मति सागर ने अपने जीवन काल में स्याद्वाद परिवार की स्थापना की थी, जिसके माध्यम से धार्मिक शिक्षण संस्थान, विद्यालय, पाठशाला, हॉस्पिटल आदि का संचालन आज भी देश भर किया जा रहा है। आचार्य श्री ने जीवन भर देश में अभूतपूर्व धर्म प्रभावना करने के साथ-साथ गरीब असहायों की सहायता की थी। इसके साथ ही सम्यक ज्ञान, ध्यान योग का प्रचार भी किया था। रविंद्र कुमार ने कहा कि आचार्य श्री ने 28 मार्च 1984 को सिंह रथ चलवा कर और शेर को दूध जलेबी खिला कर विश्व को अहिंसा धर्म का महत्व बताया था। सुमित चंद जैन ने कहा कि आचार्य श्री ने150 से अधिक धार्मिक पुस्तकें लिखी थी, जिन को पढ़कर युवा पीढ़ी आज भी संस्कार वान हो रही है। जय कुमार जैन तेल मिल वालों ने कहा कि आचार्य श्री सन्मति सागर ने अपने जीवन काल में त्रिलोक तीर्थ की स्थापना करके एक नया आयाम स्थापित किया था। जयकुमार जैन ने कहा कि आचार्य श्री चंबल अंचल के गौरव थे उनका जन्म बरवाई गांव में हुआ था। इसलिए हम प्रतिवर्ष उनकी जन्म जयंती और समाधि दिवस पर सेवा कार्यों का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में रोमिल जैन, कुलदीप जैन, महेश विकल, संजू जैन, डोबी जैन, बॉबी जैन, मोनू जैन, लवली जैन, सौरभ जैन, पंकज जैन, ओपी जैन, बबलू जैन, चीकू जैन, राकेश भंडारी, बिल्लू जैन, महेश चंद जैन, राहुल जैन, कपिल जैन, सीटू जैन, नीलेश जैन, विवेक जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# अपनी कला से स्वयं की पहचान बनाऐं फोटोग्राफरः जे.के.गुप्ता







**फोटोग्राफर संघ शिवपुरी का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट कार्यक्रम संपन्न**

शिवपुरी।

आज के दौर में देखने को आ रहा है कि आज भले ही कितने भी मोबईल चल गए हो बाबजूद इसके फोटोग्राफरी की अपनी कला कोई और दूसरा नहीं छीन सकता, इसलिए अब आधुनिकता के इस युग में अपनी कला को स्वयं की पहचान के रूप में स्थापित करने का कार्य फोटोग्राफर साथी करें निश्चित रूप से आपको सफलता जरूर मिलेगी और इस फील्ड के एक उभरते हुए सितारे आप बनेंगें। उक्त उद्गार व्यक्त किए झांसी के प्रसिद्ध शिवम कलर लैब के संचालक जे.के.गुप्ता ने जो स्थानीय दुर्गामठ प्रांगण में फोटोग्राफर संघ शिवपुरी द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंच पर राकेश निगम झांसी, अशोक अग्रवाल अध्यक्ष बुंदेलखंड फोटोग्राफ एसोसिएशन झाँसी, करैरा फोटोग्राफी एसोसिएशन अध्यक्ष मामा आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप सिंह ने जबकि आभार प्रदर्शन वरिष्ठ फोटोग्राफर बृज दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान फोटोग्राफरों को सशक्त और फोटोग्राफी की कला में पारंगत करने के लिए यहां एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें फोटोग्राफर संघ शिवपुरी के लिए प्रशिक्षण, डेमो, सेल स्टॉल लगाई गई जिसका लाभ यहां कार्यक्रम में शामिल हुए फोटोग्राफर साथियों को मिला।

## कोविड से सुरक्षा के लिए ना करें लापरवाही, वैक्सीन जरूर लगवाएं





शिवपुरी।

पूरे प्रदेश के साथ ही शिवपुरी जिले में भी वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। 10, 17 और 24 नवंबर एवं 1 दिसंबर को महाअभियान के रूप में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। गुरुवार 11 नवंबर को भी ऐसे ही अभियान की तरह वैक्सीनेशन जारी रहेगा। जिले में अभी सेकंड डोज लगवाने वालों की बड़ी संख्या है। जिन्होंने पहला डो? लगवा लिया है लेकिन दूसरा डोज लगना बाकी है वह किसी प्रकार की लापरवाही ना करें और वैक्सीन का दूसरा डो? भी जरूर लगवाएं। बुधवार को महाअभियान के दौरान 240 से अधिक केंद्रों पर पूरे जिले में सभी विकासखंडों में वैक्सीन लगाई गई। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी भी उन्हें आवंटित क्षेत्र में पहुंचे और केंद्रों का जायजा लिया। नोडल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों की टीम ने लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लोगों को महाअभियान की जानकारी दी गई। फोन लगाकर वैक्सीन लगवाने के लिए सूचना दी गई ताकि कोई भी व्यक्ति वैक्सीन लगवाने से ना छूटे। विशेषकर जिले में अभी ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जिन्होंने अपना पहला डोज लगवा लिया है लेकिन दूसरा डोज अभी लगना है। ऐसे में कोई भी लापरवाही ना बरते, इसके लिए लगातार जनजागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे लोग वैक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंचकर अपना दूसरा डोज भी अवश्य लगवाएं। वैक्सीनेशन टीम ना केवल वैक्सीनेशन केंद्रों पर बल्कि डोर टू डोर जाकर भी प्रयास कर रही है। ना केवल महाअभियान के दिनों में बल्कि सामान्य तौर पर भी लगातार वैक्सीनेशन जारी है। अभी अब 17 नवंबर और 24 नवंबर को भी महाअभियान चलेगा। इसके अलावा आगामी माह में 1 दिसंबर को भी महाअभियान के तौर पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

## पूर्व प्रेमी ने किया नर्स के साथ किया दुष्कर्मः पति की गैर मौजूदगी में घर पर आया था आरोपी

### मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी किया गिरफ्तार

शिवपुरी।

शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाले मेडिकल कॉलेज में पदस्थ एक नर्स के साथ उसके पूर्व प्रेमी ने घर में घुस कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिस समय आरोपी घर में आया था उस वक्त नर्स का पति घर पर नहीं था।बताया जा रहा हैं नर्स की आरोपी से वर्षों पुरानी पहचान थी। उनकी पहचान तब हुई थी जब नर्स ग्वालियर के एक अस्पताल में काम करती थी और मालनपुर में रहती थी। आरोपी बस कंडक्टर हैं और इसी बस में पीडिता रोजाना अप-डाउन किया करती थी।




**पति विदेश गया तो पहचान प्रेम में हुई परिवर्तित**

बताया जा रहा है कि नर्स का पति कुछ समय पहले काम करने विदेश गया था। उस समय नर्स और कंडक्टर की पहचान हुई फिर दोस्ती और फिर दोनों में प्रेम हो गया। जब नर्स शिवपुरी आ गई तो आरोपी यहां भी आने जाने लगा।

**कॉलोनी का गार्ड बना राजदार**

कॉलोनी के वह गार्ड जिस पर कॉलोनी और वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा का दायित्व था। वह नर्स और कंडक्टर की प्रेम कहानी का राजदार बना। बताया जा रहा है कि गार्ड ने अपने मोबाइल से नर्स और कंडक्टर की बातचीत भी करवाई है। उसके मोबाइल से चेटिंग की बात भी सामने आई है। मामला सामने आने के बाद चौकीदार को सोसाइटी कमेटी ने हटा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान को करंट लगाकर मारने का प्रयासः गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

शिवपुरी। जिले के करैरा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले गांव गोकंद में एक किसान को करंट लगाकर मारने का प्रयास किया गया है।खबर लिखे जाने तक मारने वाला व्यक्ति अज्ञात बताया गया हैं। जानकारी के अनुसार आपसी दुश्मनी के कारण करंट लगाकर मारने की घटना का रूप देने का प्रयास किया गया हैं लेकिन किसान की किस्मत किस्मत अच्छी थी इस कारण इस घटना मे वह बच गया और गंभीर घायल होकर उपचारत हैं। जानकारी के अनुसार पवन शर्मा उम्र 35 साल निवासी गोकंदा सोमवार देर रात अपने खेत पर बने कच्चे घर में सो रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने आकर करंट लगा दिया। करंट से झुलसा पवन शर्मा किसी तरह घर तक पहुंचा। जहां परिजन उसे इलाज कराने अस्पताल ले गए,जहां उसकी गंभीर स्थिती को देखते हुए उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामला तलाश शुरू कर दी है।

### जिले में डीएपी एवं एनपीके खाद की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी

शिवपुरी। जिले में डीएपी, एनपीके, यूरिया एवं एसएसपी उर्वरक किसानों को वितरित किया जा रहा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में एक अक्टूबर से अभीतक वितरण केंद्रों से 24836.95 मी.टन यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है। जबकि 8188.05 मी.टन की अभी उपलब्धता है।कृषि विभाग द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार इसमें विपणन संघ एवं सहकारी सोसाइटी द्वारा 12962.95 मे.टन यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है एवं 3581.05 मी.टन शेष है। निजी संस्थाओं द्वारा 11874 मी.टन यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है। जबकि 4607 मी.टन अभी शेष है।साथ ही कृषक बंधुओं को यह सलाह दी जाती है कि एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। यह कृषि के लिए लाभकारी है। इसके अलावा नैनो यूरिया भी एक अच्छा विकल्प है। किसान इफको द्वारा निर्मित नैनो यूरिया का उपयोग कर सकते हैं।

### आवेदन आमंत्रित

शिवपुरी। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेशानुसार नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा सम्पूर्ण भारत में 20 अक्टूबर 2021 से 22 जनवरी 2022 तक खण्ड स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागिता हेतु निःशुल्क आवेदन पत्र व अन्य जानकारी के लिये नेहरू युवा केन्द्र, अनाज मण्डी के पास आर्य समाज रोड शिवपुरी फोन नं 234305 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उपनिदेशक जयन्त ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता हेतु आवेदन नेहरू युवा केन्द्र के अलावा सम्बन्धित विकासखण्ड के नेहरू युवा केन्द्र के एनवायसी स्वयं सेवकों से भी उक्त आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है एवं आवेदन पत्र 15 नवम्बर तक नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी कार्यालय में या सम्बन्धित विकासखण्ड के एनवायसी स्वयंसेवक को जमा करा सकते है।

## काली रात में खाद का काला कारोबारः उजाले में किसानों का खाद के लिए संघर्ष

### रात में ब्लैक में बेचा जा रहा हैं खाद

शिवपुरी।

प्रतिदिन मीडिया में खाद संकट को लेकर खबरो का प्रकाशन हो रहा हैं और प्रशासन हालात सुधरने के उलट सरकारी पत्रकार से खाद की उपलब्ध्ता को लेकर आंकडे परोस रहा है। परिस्थती विपरित हैं,दिन में किसानो को खाद के लिए घंटो लाईन में लगना पड़ता है,वही काली रात में खाद काला कारोबार किया जा रहा हैं,खाद के काले कारोबार की करतूत की काली वीडियो सोशल पर वायरल हुई इसके बाद सोसायटी के कर्ताधर्ताओ ने रात में ब्लैक में बेचते कट्टे बीनते नजर आए। मामला पिरोठ गांव के पास का है जहां काली रात मं मड़वासा सोसायटी के लिए निकला खाद का ट्रक एक टैक्टर ट्रॉली में आधा खाली हुआ इस काली करतूत की काली वीडियो सोशल पर वायरल हो गई ओर आधी रात में हुई खाद की ब्लैकमैलिंग की कहानी सबके सामने आ गई। इसके बाद जिम्मेदारी मामले से पल्ला झाड रहे है और अनाधिकृत बयान दे रहे हैं कि रास्ते में जिन किसानो का खाद देना था उन्है दिया जा रहा था। अब सवाल यह बनता है कि दिन के उजाले में किया जाना वाला सफेद काम काली रात में क्यो किया गया क्या राजनीति के चलते चिन्हित किसानो को खाद दिया गया या फिर काली रात में खाद का काला कारोबार किया गया। जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आ रही है चुकी प्रबंधक के निर्देशन के बाद सोसायटियों को खाद की रैंक बितरण की गई थी तो उसी क्रम में शिवपुरी से ट्रक के माध्यम से लौट निकली तो जो सोसायटी के माध्यम से उक्त खाद वितरण की जाना था। लेकिन वह तो रात्रि में निकले ट्रक जो पिरोठ के पास ट्रक रोककर टैक्टर में खाली हुआ उसके बाद रात्रि में गाव म?वासा में भेजा लेकिन कुछ किसान जाग पाए और कुछ को पता ही नही चला हालात है कि खाद के लिए जो सिस्टम बनाया था वह अब सबालो के घेरे में आ गया हैं।

### लगातार दूसरे दिन भूखे प्यासे खाद की आस में लगी रही लाइन



लगातार बदरवास में ग्रामीणों ने इस आस में रात्रि में ठिठुरती हुई गुजारी की उन्हें सुबह खाद मिलेगा लेकिन लगातार राजनैतिक रसूख के चलते अपने प्रभाव से खाद ले गए और जो लगातार दूसरे दिन लाइन में लगे रहे वह आज भी खाद के लिए लाइन में लगे हुए है

### इससे पूर्व के खाद के ट्रक लापता

इससे पूर्व भी खाद के काले कारोबार के कारनामे बहार आ चुके हैं। बिजरोनी गांव में बटने वाले खाद का ट्रक भी बदरवास में पकडा गया था और अतलपुर का खाद का ट्रक अभी तक पहुंचा नही है।

### इनका कहना हैं

मेरे सज्ञान में मामला नही है और ऐसा मामला है तो पता करता हु ओर बैसे मेरे द्धारा 400 कट्टे बितरण हेतु आए थे जो मेरे द्धारा ग्राम मड़वासा में वितरण कराए है। ओर जो 30 कट्टे कम थे वह बापिस मंगवा लिए है।

**कप्तान यादव**
**प्रबंधन मड़वासा सोसायटी**

## 1 साल की मासूम की मौतः एस आई अजय मिश्रा, एस आई जगदीश रावत सहित 3 पर हत्या सहित SC/ST एक्ट का मामला दर्ज




शिवपुरी।

पुलिया बनाने के विवाद में पुलिस और जनता की झडप के दौरान हुए लाठीचार्ज में अपनी मां की गोद में बैठे 1 साल के मासूम शिवा की मौत हो गई। इसके बाद प्रर्दनकारी देर रात तक करैरा भितरवार रोड को जाम करके बैठे रहे। मौके पर उपस्थित कलेक्टर एसपी प्रर्दनकारियो को समझाते रहे और अंत में पुलिस को इस शिवा की मौत के मामले में दो एसआई सहित 3 लोगो पर हत्या और स्ष्ट/स्ज्ञ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस घटना में एसआई राघवेन्द्र यादव के सिर में पत्थर लगने के कारण गंभीर घायल हो गए। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने प्रर्दशनकारियो पर कोई मामला दर्ज नही किया हैं। करैरा थाने में अशोक जाटव ने आवेदन दिया कि करैरा भितरवार सडक पर ग्राम रामनगर गधाई में बीते मंगलवार करीब 12 बजे दोपहर को नरवर की तहसीलदार द्वारा हमको बुलाया गया चूकि मेरे खेत में अवैध पुलिया निर्माण का कार्य किया जा रहा था। मैने उसका पक्ष महोदय के सामने रखने का प्रयास किया लेकिन तहसीलदार महोदय ने करीब 15 पुलिस बल को बुलाया और हमारे परिवार,औरतो के साथ मारपीट की गई जिसमे एसआई अजय मिश्रा ने लाठी मेरी पत्नि वंदना को मार दी। मेरी पत्नि की गोद में मेरा 1 साल का बेटा शिवा भी था लाठी उसके सिर में लगी,जिससे उसकी मौत हो गई। इस मारपीट के दौरान एसआई जगदीश रावत,मेरा पडौसी मलखान नाई पुत्र लालाराम नाई निवासी गधाई ने भी मिलकर मेरी पत्नि के साथ मारपीट की। नरवर तहसीलदार रूचि अग्रवाल की मौजूदगी में इस घटना को अंजाम दिया गया है। 1 साल के मासूम की मौत के मामले में पुलिस ने अशोक जाटव पुत्र दयाराम जाटव उम्र 33 साल निवासी ग्राम रामनगर गधाई की फरियाद पर एसआई अजय मिश्रा, एसआई जगदीश रावत,मलखान नाई के खिलाफ करैरा थाने में धारा 302,34 ताहि 325 एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# संपादकीय

## ये पद्मश्री के सच्चे हकदार



**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

इस बार 141 लोगों को पद्य पुरस्कार दिए गए। जिन्हें पद्मविभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री पुरस्कार मिलता है, उन्हें उनके मित्र और रिश्तेदार प्रायः बधाइयां भेजते हैं लेकिन मैं या तो चुप रहता हूं या अपने कुछ अभिन्न मित्रों को सहानुभूति का संदेश भिजवाता हूं। सहानुभूति इसलिए कि ऐसे पुरस्कार पाने के लिए कुछ लोगों को पता नहीं कितनी उठक-बैठक करनी पड़ती है, अप्रिय नेताओं और अफसरों के यहां दरबार लगाना होता है और कई बार तो रिश्वत भी देनी पड़ती है, हालांकि सभी पुरस्कृत लोग ऐसे नहीं होते। लेकिन इस बार कई ऐसे लोगों को यह सम्मान मिला है, जो न तो अपनी सिफारिश खुद कर सकते हैं और न ही किसी से करवा सकते हैं। उन्हें तो अपने काम से काम होता है। इनमें से कई लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें न तो पढ़ना आता है और न ही लिखना। या तो उनके पास टेलिविजन सेट नहीं होता है और अगर होता भी है तो उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं होती। वे खबरें तक नहीं देखते। उन्हें हमारे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक के नाम भी पता नहीं होते। उन्हें पता ही नहीं होता कि कोई सरकारी सम्मान भी होता है या नहीं? उन्हें किसी पुरस्कार या तिरस्कार की परवाह नहीं होती। ऐसे ही लोग प्रेरणा-पुरुष होते हैं। इस बार भी ऐसे कई लोगों को पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुने जाने पर मेरी हार्दिक बधाई और उस सरकारी पुरस्कार-समिति के लिए भी सराहना। कौन हैं, ऐसे लोग? ये हैं- हरेकाला हजब्बा, जो कि खुद अशिक्षित हैं और फुटपाथ पर बैठकर संतरे बेचते थे। उन्होंने अपने जीवन भर की कमाई लगाकर कर्नाटक के अपने गांव में पहली पाठशाला खोल दी। दूसरे हैं, अयोध्या के मोहम्मद शरीफ, जिन्होंने 25 हजार से अधिक लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार किया। 1992 में रेल्वे पटरी पर उनके बेटे के क्षत-विक्षत शव ने उन्हें इस पुण्य-कार्य के लिए प्रेरित किया। तीसरे, लद्दाख के चुल्टिम चोनजोर इतने दमदार आदमी है कि करगिल क्षेत्र के एक गांव तक उन्होंने 38 किमी सड़क अकेले दम बनाकर खड़ी कर दी। चौथी, कर्नाटक की आदिवासी महिला तुलसी गौड़ा ने अकेले ही 30 हजार से ज्यादा वृक्ष रोप दिए। पांचवें, राजस्थान के हिम्मताराम भांमूजी भी इसी तरह के संकल्पशील पुरुष हैं। उन्होंने जोधपुर, बाड़मेड़, सीकर, जैसलमेर और नागौर आदि शहरों में हजारों पौधे लगाने का सफल अभियान चलाया है। छठी, महाराष्ट्र की आदिवासी महिला राहीबाई पोपरे भी देसी बीज खुद तैयार करती हैं, जिनकी फसल से उस इलाके के किसानों को बेहतर आमदनी हो रही है। उन्हें लोग 'बीजमाता' या सीड मदर कहते हैं। यदि इन लोगों के साथ उज्जैन के अंबोदिया गांव में 'सेवाधाम' चला रहे सुधीर गोयल का नाम भी जुड़ जाता तो पद्म पुरस्कारों की प्रतिष्ठा में चार चांद लग जाते। इस सेवाधाम में साढ़े सात सौ अपंग, विकलांग, कोढ़ी, अंधे, बहरे, परित्यक्ता महिलाएं, पूर्व वेश्याएं, पूर्व-भिखारी आदि निःशुल्क रहते हैं। इसे कोई सरकारी सहायता नहीं मिलती। ऐसे अनेक लोग भारत में अनाम सेवा कर रहे हैं। उन्हें खोज-खोजकर सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि देश में निःस्वार्थ सेवा की लहर फैल सके।

## सच्चाई छुप नहीं सकती

**लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

भगवान,गॉड, अल्लाह। ईश्वर के यहाँ देर हैं अंधेर नहीं यह बात आर्यन खान के साथ शाहरुख़ खान पर लागू होती हैं कारण अंत में जोड़ तोड़ के कारण कोर्ट से जमानत मिल गई ,औ दौलत खर्च की तब सफलता मिल ही गयी। कारण दिल खोलकर वकीलों पर खर्च किया ,वकीलों की दलीले और जज का निर्णय से जमानत तो मिल गयी पर सच तो सच हैं। वैसे जमानत दिलाकर लड़के का उत्साह बढ़ाया। कुछ महीनों के बाद जमानत मिलती तो उसकी अक्ल ठिकाने आ जाती। नीचे की अदालत से तो छूट भी जाएंगे और निर्दोष भी सिद्ध हो जाएंगे पर ऊपर की अदालत की सी सी टी वी से नहीं बच पाओगे कारण वहां पर न वकील लगता ,न दलील और न अपील वैसे इस घटना के पहले यदि माँ बाप ने छूट न दी गयी होती तो शायद ये दिन नहीं देखने पड़ते पर धनवान होने का अर्थ क्या होता ?अरे रईसों के ये गुण माने जाते हैं। गरीब आदमी करता तो कहते अपनी सीमा से बाहर जा रहे हो पर इन गुणवान और धनवान के लिए वास्तव में कम हैं। नीचे की अदालत में सब कुछ चलता हैं और ऊपर की अदालत में किसी से कुछ नहीं छुपा रहता हैं, वास्तव में यह सब पाप पुण्य का ठाठ हैं। अभी पुण्य का समय हैं तो सब कार्य अनुकूल होते हैं और जब पाप का समय होता हैं तब प्रतिकूल होता हैं। आखिर 27 दिन का कष्ट भोगना था तो भोगा। एक मौलवी के पास एक बाप अपने बेटे का भविष्य पूछने गया। मौलवी ने कुंडली देखकर और बेटे का काम धंधा पूछा तो बाप ने कहा वह चोरी करता हैं तो मौलवी बोले इसका भविष्य जेल में होगा। जब बेटे के कार्य कलाप पर किसी भी बाप या माँ की निगाह न होगी तो संतान का यही हश्र होगा या होता हैं।

**रंग लाती हैं हिना पत्थर पर पिस जाने के बाद।**
**अक्ल आती हैं बसर ठोकरे खाने के बाद।**

## राशिफल

शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक शुक्ल पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि सप्तमी, गुरुवासरे, श्रवण नक्षत्रें, गंडयोगे, वणिक करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 12/13 दो. व्यापार, दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, कुशल शासक-प्रशासक, धनी-मानी, कपड़ा-किराना व्यापारी होगा।

मेष राशि - मनोबल उत्साहवर्धक होगा, व्यवसायिक वृत्ति में सुधार अवश्य ही होगा।

वृष राशि - कार्य-कुशलता से संतोष होगा, इष्ट-मित्रों से कुछ मानसिक बेचैनी बढ़ेगी।

मिथुन राशि - अनावश्यक बेचैनी तथा धन हानि संभव है, तनाव पूर्ण वातावरण बनेगा।

कर्क राशि - इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, इधर-उधर भटकना पड़ेगा, दूसरों के कार्य बनेंगे ध्यान दें।

सिंह राशि - सतर्कता से कार्य करें, अधिकारी वर्ग असमंजस में रखेगा, वातावरण अनुकूल होगा।

कन्या राशि - रुके हुये कार्य निपटा लें, बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, कार्य बन जायेगा।

तुला राशि - स्त्री-वर्ग से हर्ष-उल्लास तथा कार्य-व्यवसाय गति अनुकूल बनेगी ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि - मानसिक विभ्रम रहेगा, इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, स्त्री-वर्ग से हर्ष होगा।

धनु राशि - तनाव व अरोप से बचिये, वाद-विवाद की संभावना बनेगी, यात्रा होगी।

मकर राशि - शुभ समाचार हर्षयुक्त रखेगा, स्थिति यथावत् रहे, इष्ट-मित्र सहयोगी होगा।

कुंभ राशि - चिन्तायें मन को बेचैनी रखेंगी, तनाव, क्लेश व अशांति, मनोबल बढ़ेगा।

मीन राशि - प्रयत्न निष्फल होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, व्यवसायिक व्यवस्था बनेगी।

# गंभीर होती वायु प्रदूषण की समस्या

**लेखक- योगेश कुमार गोयल**

पहले से ही प्रदूषण की खतरनाक स्थिति के मद्देनजर पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की धज्जियां उड़ाते हुए दिल्ली-एनसीआर में इस साल भी जिस प्रकार लोगों ने जमकर पटाखे चलाए, उससे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई इलाकों में गंभीर स्तर से भी अधिक 480 तक पहुंच गया। पटाखों के कारण दीवाली के अगले दिन प्रदूषण का स्तर 2017 से 2020 तक जहां क्रमशः 403, 390, 368, 435 था, वहीं इस वर्ष यह सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 462 के पार जा पहुंचा और प्रदूषण के भयानक स्तर के कारण उत्तर भारत के कई शहर धुंध की मोटी चादर में लिपटे रहे।। यही नहीं, फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले जिन महीन कणों पीएम 2.5 की सुरक्षित दर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर निर्धारित है, उनकी औसत सांद्रता भी इससे करीब सात गुना यानी 430 तक पहुंच गई। दीवाली के अगले दिन पीएम 10 का स्तर भी 558 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। स्थिति को विकराल बनाने में खेतों में जलती पराली भी खतरनाक भूमिका निभा रही है। हाल ही में नासा द्वारा जारी आंकड़े देखें तो हरियाणा में पराली जलने की 9-16 सितम्बर तक कुल 9, 1 अक्तूबर को 35 और 5 नवम्बर को 500 घटनाएं देखी गई, वहीं पंजाब में 19-21 सितम्बर के बीच 50, 1 अक्तूबर को 255 घटनाएं देखी गई लेकिन दीवाली के अगले दिन 5 नवम्बर को पंजाब में पराली जलने की करीब 6000 घटनाओं ने तो पटाखों के विषैले धुएं के साथ मिलकर प्रदूषण को खतरनाक स्तर पर पहुंचा दिया।

वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में चले जाने के कारण लोगों को गले में जलन तथा आंखों में पानी आने की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को है, जिनके फेफड़े कोरोना के कारण पहले ही काफी कमजोर हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार आम धारणा है कि प्रदूषण के कारण श्वांस संबंधी परेशानियां ज्यादा होती हैं लेकिन विभिन्न शोधों में स्पष्ट हो चुका है कि प्रदूषण के सूक्ष्म कण हमारे मस्तिष्क की सोचने-समझने की क्षमता को भी प्रभावित करते हैं। मानव स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के संबंध में यह खुलासा भी हो चुका है कि इससे पुरूषों के वीर्य में शुक्राणुओं की संख्या में 40 फीसदी तक गिरावट दर्ज की गई है, जिससे नपुंसकता का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। मेदांता के चेयरमैन डा. नरेश त्रेहन का कहना है कि जहरीली होती हवा से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ेगा। बड़ों की तुलना में बच्चे प्रदूषण से ज्यादा प्रभावित होते हैं। दरअसल प्रदूषण के कण जब सतह तक पहुंच जाते हैं तो सबसे ज्यादा बच्चे ही उनके सम्पर्क में आते हैं। ऐसे बच्चे, जो सामान्य दिनों में श्वसन संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं, उनमें प्रदूषण के कारण संक्रमण का स्तर काफी बढ़ जाता है। प्रदूषण के कारण बच्चों में एकाग्रता की कमी, चिड़चिड़ापन इत्यादि परेशानियां भी देखने को मिलती हैं, इसके अलावा प्रदूषण बच्चों की लम्बाई कम होने का भी एक अहम कारण बन रहा है।

दिल्ली और आसपास के इलाकों के अलावा देश के अन्य हिस्सों की वायु गुणवत्ता भी बेहद खराब हो गई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के अलावा देश के 19 शहर गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं, जिनमें से अधिकांश उत्तर भारत के हैं। कुछ लोग अदालतों के हर फैसले में कमियां ढूंढ़ते हैं, दीवाली पर आतिशबाजी पर प्रतिबंध संबंधी अदालत के फैसले का भी धार्मिक परम्पराओं में अदालती हस्तक्षेप का मामला बताकर जमकर विरोध किया गया और काफी हद तक उसी का परिणाम रहा कि इस वर्ष देश के लगभग तमाम हिस्सों में जबरदस्त आतिशबाजी हुई। ऐसे अदालती फैसलों का विरोध करते समय हम भूल जाते हैं कि दीवाली तो पटाखों की शुरूआत होने के सदियों पहले से ही मनाई जाती रही है। वैसे भी देखा जाए तो सरकारें और देश की तमाम जिम्मेदार संस्थाएं देश को प्रदूषण के कहर से बचाने में नाकारा साबित हो रहे हैं।

दिल्ली में सभी तरह के पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद खूब पटाखे चले, कहीं कोई किसी को रोकने वाला नहीं था। इसी प्रकार हरियाणा में भी सरकार द्वारा कई जिलों में पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन पुलिस-प्रशासन की नाक तले या यूं कहें कि उन्हीं के संरक्षण में पर्यावरण के लिए जानलेवा हर तरह के पटाखे खुलेआम बिके। तमाम चेतावनियों और दिशा-निर्देशों के बावजूद अब दिल्ली की रात और उसके बाद प्रदूषण का स्तर इतना खतरनाक हो जाता है कि ऐसा लगने लगता है, मानो किसी संक्रामक बीमारी ने हमला बोल दिया हो। ऐसे में अगर लोगों के स्वास्थ्य के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय ऐसे कठोर फैसले लेने पर विवश होता है तो इसमें गलत क्या है। ऐसे फैसलों को धर्म और आस्था की चाशनी में घोलकर देखने के बजाय अगर अदालत के ऐसे फैसलों की सदाशयता को समझें और उन्हें व्यावहारिक बनाने में अपने-अपने स्तर पर प्रयास करें तो यह स्वास्थ्य के लिहाज से न केवल दूसरों के बल्कि स्वयं अपने हित में भी होगा।

पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाशित हुई अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने पटाखों से होने वाले प्रदूषण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया है कि पटाखों में हरी रोशनी के लिए बैरियम का उपयोग किया जाता है, जो रेडियोधर्मी तथा विषैला होता है जबकि नीली रोशनी के लिए कॉपर के यौगिक का इस्तेमाल होता है, जिससे कैंसर का खतरा होता है और पीली रोशनी के लिए गंधक इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सांस की बीमारियां जन्म लेती हैं। पटाखों के फूटने के करीब 100 घंटे बाद तक हानिकारक रसायन वातावरण में घुले रह सकते हैं। पटाखों के धुएं में सल्फर डाईऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोक्साइड, ऐस्बेस्टॉस के अलावा विषैली गैसों के रासायनिक तत्व भी पाए जाते हैं, जो ग्लोबल वार्मिंग के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां पैदा करते हैं। बारूद और रसायनयुक्त पटाखों के जहरीले धुएं से श्वांस संबंधी रोग, कफ, सिरदर्द, आंखों में जलन, एलर्जी, उच्च रक्तचाप, दिल का दौरा, एम्फिसिया, ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया, अनिद्रा सहित कैंसर जैसी असाध्य बीमारियां फैल रही हैं। पटाखों के शोर और प्रदूषण से दुधारू पशुओं में एडरलीन हार्मोन कम हो जाता है, जिसका उनके दूध देने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पटाखे तैयार करते समय ध्वनि, प्रकाश व धुआं उत्पन्न करने वाले जिन तत्वों का प्रयोग किया जाता है, उनमें 75 प्रतिशत शोरा अथवा बारूद, 10 प्रतिशत गंधक और 15 प्रतिशत कोयला होता है। पटाखों की कानफोडू आवाज से कानों के पर्दे फटने तथा बहरेपन जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। जहरीले पटाखों के कारण बैक्टीरिया तथा वायरस संक्रमण की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एम्स निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने तो चेतावनी भरे लहजे में कहा भी है कि बढ़ते प्रदूषण से देश में कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं।

(विचार मंथन)

# जिनपिंग बनेंगे ताकतवर

**लेखक- सिद्वार्थ शंकर**



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अब और भी ज्यादा शक्तिशाली होना लगभग तय है। जिनपिंग के खिलाफ बयानबाजी को चीन में अपराध की कैटेगरी में डाला जा सकता है। उनके खिलाफ उठी हर आवाज को दबा दिया जाएगा। 8 नवंबर से बीजिंग में चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी का चार-दिवसीय कॉनक्लेव शुरू हुआ है। ये सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का छठा पूर्ण सत्र है। बैठक में ÷ऐतिहासिक संकल्प-पत्र÷ जारी किया गया है, जिसमें सीसीपी के 100 सालों की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल पर भी मुहर लग सकती है। जुलाई 1921 की बैठक में चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की नींव रखी गई थी। सौ सालों के इतिहास में चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी सिर्फ दो संकल्प-पत्र लेकर आई है। पहला 1945 में और दूसरा 1981 में। इन संकल्पों के जरिए माओत्से तुंग और देंग जियाओपिंग को शक्तियां बढ़ाने में मदद मिली थी। ऐसे में तीसरे संकल्प पत्र के बाद चीन के मौजूदा राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अब और भी ज्यादा शक्तिशाली होना लगभग तय है। माना जा रहा है कि जिनपिंग को माओत्से तुंग और देंग के बाद चीन का %युग-पुरुष' घोषित किया जा सकता है। शी जिनपिंग इस दशक में चीन के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे हैं। जिनपिंग 2012 में सत्ता में आए थे। जिनपिंग से पहले राष्ट्रपति रहे सभी नेता पांच साल के दो कार्यकाल या 68 साल की आयु होने के अनिवार्य नियम के बाद रिटायर हो चुके हैं। 2018 में चीन ने राष्ट्रपति पद के लिए दो टर्म की बाध्यता खत्म कर दी थी। ऐसे में जिनपिंग चाहें तो पूरी उम्र के लिए राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। जिनपिंग का दूसरा कार्यकाल अगले साल खत्म हो रहा है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि वह तीसरा कार्यकाल भी लेंगे। शी जिनपिंग का सर्वशक्तिमान रूप भारत और विश्व के लिए गंभीर चुनौती है। जिनपिंग को ताकत मिलने के बाद चीन भारत के पड़ोसी देशों में दखल बढ़ाने की कोशिश करेगा, जिससे भारत को नुकसान हो सके। 2014 से अब तक भारत-चीन संबंध काफी उथल पुथल से भरा है। इसमें डोकलाम विवाद, अरुणाचल विवाद और चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा प्रमुख है। इसके अतिरिक्त भारत के धुर विरोधी पाकिस्तान के आतंकवादी मसूद अजहर को बार-बार वीटो से बचाकर भी चीन ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत के लड़ाई के धार को कुंद करने में कोई कमी नहीं की। एशिया में चीनी प्रभुत्व को चुनौती देने का दमखम सिर्फ भारत में है। यही वजह है कि चीन का रवैया भारत के प्रति आक्रामक है। इस संदर्भ में चीन के पाकिस्तान के प्रति मित्रता, नेपाल में अचानक सक्रियता, स्ट्रिंग्स ऑफ पर्ल की नीतियों को देखा जा सकता है। पाकिस्तान आर्थिक तौर पर चीन पर निर्भर होता जा रहा है, जो ठीक नहीं। जिनपिंग को ताकत मिलने के बाद चीन भारत के पड़ोसी देशों में दखल बढ़ाने की कोशिश करेगा, जिससे भारत को नुकसान हो सके। आर्थिक मदद और विकास का लालच देकर चीन ने भारत के उन पड़ोसियों पर भी डोरे डालने शुरू कर दिए, जिनकी सीमा भारत से लगती है. इस रुप में चीन के नेपाल से लेकर बांग्लादेश में अपनी पैठ मजबूत कर ली है, जिसमें अब और भी वृद्धि संभावित है। म्यांमार के क्याकप्यू में भी चीन बंदरगाह बना रहा है। चीन को भी समझ लेना चाहिए कि वह लंबे समय तक विकास के नाम पर निवेश के बहाने छोटे देशों के संप्रभुता से नहीं खेल सकता। अगर उसकी साम्राज्यवादी विस्तार की छवि बनी रहेगी, तो चीन को काफी नुकसान उठाना होगा।

## दोहे - छठपर्व पर सूर्योपासना

**लेखक-प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे**

छठी मातु वर दे हमें,कर सबका कल्याण।
हर परिजन सुखमय रहे,रहें सुरक्षित प्राण।।

सूर्यदेव तुम दिव्य हो,हर लेते हर शाप।
देना नित गतिशीलता,परे हटें संताप।।

हे मैया ! तुम मांगलिक,हरदम दयानिधान।
फलीभूत कर सुख सदा,रहें सुरक्षित आन।।

सूर्यदेव का पर्व यह,बाँट रहा है ताप।
हारेगी हर वेदना,और व्यथा,संताप।।

अस्ताचल से रवि-उदय,व्रत,पूजा,उपवास।
छठमाई आशीष दें, दिनकर साधें आस।।

रोग,शोक से मुक्त हो,बने नवल यह देह।
सूर्यदेव देते सतत,नर-नारी को नेह।।

आज उपासक पा रहा,नए-नए वरदान।
छठ माई ने ले लिया,श्रद्धा का संज्ञान।।

जलस्त्रोतों में भीड़ है,भक्ति-भाव परवान।
देवों को पहुँचा रहे,पूजा का सामान।।

छठ माई की है दया,सूर्यदेव का मान।
पूर्ण करो हे देव रवि !,भक्तों के अरमान।।

समय बड़ा प्रतिकूल है,माई कर अनुकूल।
देव भास्कर ! आज तुम,परे करो सब शूल।।

# प्रभु का स्मरण करने का रास्ता भी एक है तथा मंजिल भी एक है!

**लेखक - डॉ. जगदीश गांधी**

### (1) प्रभु का स्मरण करने का रास्ता भी एक है तथा मंजिल भी एक है:-

विश्व भर में धर्म के नाम पर जो लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं, उसके पीछे एकमात्र कारण धर्म के प्रति लोगों का अज्ञान है। प्रायः लोग कहते हैं कि प्रभु का स्मरण करने के अलग-अलग धर्म के अलग-अलग रास्ते हैं किन्तु मंजिल एक है। परन्तु सभी धर्मों के पवित्र ग्रन्थों के अध्ययन के आधार पर हमारा मानना है कि प्रभु को स्मरण करने का रास्ता भी एक है तथा मंजिल भी एक है। प्रभु की इच्छा व आज्ञा को जानना तथा उस पर दृढ़तापूर्वक चलते हुए प्रभु का कार्य करना ही प्रभु को स्मरण करने का एकमात्र रास्ता है। इस प्रकार मनुष्य जीवन केवल दो कामों के लिए (पहला) प्रभु की शिक्षाओं को भली प्रकार जानने तथा (दूसरा) उसकी पूजा (अर्थात प्रभु का कार्य) करने के लिए हुआ है।

### (2) हे परमात्मा, मेरी सहायता कर कि मैं तेरी सेवा के योग्य बनूँ:-

परमात्मा का अंश होने के कारण हमारी आत्मा, अजर और अमर है जबकि हमारा शरीर अस्थायी है और मृत्यु के बाद में मिट्टी में मिल जायेगा। यह मनुष्य के विवेक पर निर्भर है कि अच्छे कार्य करके वह अपनी आत्मा का विकास करें या बुरे कार्य करके वह अपनी आत्मा का विनाश कर ले। भगवान की नौकरी करने जायेंगे तो वह पूछेंगे कि तुम्हारे अंदर क्या-क्या गुण हैं? भगवान की नौकरी सबसे अच्छी है। यदि वह मिल जायें तो सब कुछ मिल गया। इसलिए हमारी प्रभु से प्रार्थना है कि हे प्रभु हमारा कोई मनत्व ऐसा न हो जो आपकी इच्छा तथा आज्ञा के विरूद्ध हो। हमारी इन्द्रियाँ तथा मन हमारे वश में हो। हमारे प्रत्येक कार्य के पीछे छिपा हुआ उद्देश्य पवित्र हो और कोई भी स्वार्थ का विचार हमें प्रभु का कार्य तथा मानव जाति की सेवा से विचलित न कर सके। हे परमात्मा, मेरी सहायता कर कि मैं तेरी सेवा के योग्य बन सपूँ*।

### (3) केवल हमारा मन हमें अच्छे कार्य करने से रोकता है:-

मनुष्य जीवन की यात्रा में हमें प्रभु का कार्य करने के लिए शरीर रूपी यंत्र मिला हुआ है। परमात्मा ने विशेष कृपा करके शरीर रूपी मशीन फ्री ऑफ चार्ज प्रभु का कार्य करने के लिए हमें दी है। इसके साथ ही पशु तथा मनुष्य दोनों को स्वतंत्र इच्छा शक्ति मिली है लेकिन मनुष्य को अच्छे-बुरे का विचार करने की शक्ति विशेष अनुदान के रूप में मिली है जबकि पशु को अच्छे-बुरे का विचार करने की शक्ति नहीं मिली है। हमारा यह पूर्ण विश्वास है कि यदि हम अपने मन में अच्छे विचार लायेंगे तो हमें जीवन में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। महापुरूषों के जीवन में देखे तो वे साधारण से असाधारण व्यक्ति अच्छे विचारों तथा अच्छे कार्यों के कारण ही बने।

### (4) हम प्रभु का कार्य करके अपने मन, बुद्धि, आत्मा तथा हृदय को पवित्र बनायें:-

हमें अच्छा कार्य करने से कौन रोकता है? केवल हमारा मन हमें अच्छे कार्य करने से रोकता है। इसके अलावा धरती तथा आकाश की कोई भी ताकत हमें अच्छे कार्य करने से रोक नहीं सकती। यदि हम मन के अंदर महान बनने के विचार लायेंगे तो हम महान बन जायेंगे। समझदार लोग समय तथा शक्ति के रहते अपनी आत्मा को अच्छे कार्यों के द्वारा पवित्र करते हैं। यह मानव जीवन हमें अपनी आत्मा के विकास के साथ ही प्रभु का कार्य करने के लिए मिला है। पवित्र आत्मा ही परमात्मा की निकटता का सौभाग्य प्राप्त करती है। इसलिए आइये, हम प्रभु का कार्य करके अपने मन, बुद्धि, आत्मा तथा हृदय को पवित्र बनायें।

### (5) स्वार्थ का एक विचार हमारे सारे गुणों को नष्ट कर देता है:-

हृदय के अंदर ईश्वरीय गुण भरे हैं। कहीं हमारे स्वार्थ से भरे गंदे हाथ इस ईश्वरीय गुण रूपी खजाने को लूट न लें। स्वार्थ का जहर जिसके मन में आ गया उसका सब कुछ लुट जाता है। बड़े-बड़े आदमी बहुत ऊँचाई तक पहुँचने के बाद अपने स्वार्थ के कारण बहुत नीचे तक गिरते चले जाते हैं। स्वार्थ रहित हृदय पवित्र होता है। यदि परमात्मा से प्रेम करना है तो अपने से अर्थात अपने स्वार्थ से ऊपर उठना होगा क्योंकि प्रेम गलि अति साकरी जा में दो न समाय अर्थात् हमारे हृदय में एक ही के लिए रहने का स्थान है इसलिए इसमें या तो हम परमात्मा के गुणों को रख लें या फिर अपने स्वार्थ को। प्रभु की राह में निरन्तर आगे बढ़ने के लिए हमें धैर्यपूर्वक सहन करना चाहिए। ऐसा करने से अधिक से अधिक प्रभु प्रेम की प्राप्ति होती है।

### (6) हमारा जीवन केवल प्रभु इच्छा को जानने तथा पूजा के लिए है:-

अर्जुन ने पहले भगवानोवाच गीता के ज्ञान द्वारा प्रभु इच्छा को जानने की कोशिश की तथा फिर प्रभु का कार्य करने के लिए युद्ध किया। अर्जुन ने गीता के सन्देश द्वारा जाना कि न्याय की स्थापना के लिए युद्ध करना ही प्रभु का कार्य अर्थात पूजा है। पवित्र गीता के ज्ञान से अर्जुन को शिक्षा मिली कि न्यायार्थ अपने बन्धु को भी दण्ड देना चाहिए। अर्जुन ने प्रभु की शिक्षा को पहले जाना फिर महाभारत का युद्ध करके धरती पर न्याय के साम्राज्य की स्थापना की। अर्जुन ने परमात्मा के आदेश का पालन करने के लिए अपने ही कुटुम्ब के दुष्टों का विनाश किया।

### (7) आज विश्व को टोटल क्वालिटी पर्सन की आवश्यकता है:-

जब ईश्वर एक है। धर्म एक है तथा सारी मानवजाति एक ही परमपिता परमात्मा की संतान होने के नाते आपस में भाई-भाई हैं तो हम परमात्मा की प्रार्थना चाहें मंदिर में करें या मस्जिद में। गिरजाघर में करें या गुरूद्वारे में या कही अन्य स्थान पर, हमारी प्रार्थना पहुंचती एक ही परमपिता परमात्मा के पास ही है। इसलिए हमें एक ही परमपिता परमात्मा द्वारा युग-युग में दी गई मर्यादा, न्याय, समता, करूणा, भाईचारा, त्याग व हृदय की एकता की शिक्षाओं को मानना भी होगा और इन शिक्षाओं पर चलना भी होगा। वास्तव में जिस क्षण हम परमात्मा की युग-युग में दी गई की मर्यादा, न्याय, समता, करुणा, एकता, दया, सद्भाव व एकता की शिक्षाओं को आत्मसात् करते हुए विश्व की सारी मानवजाति से एक समान प्रेम करना शुरू कर देंगे, वहीं से विश्व में मेरा धर्म, तुम्हारा धर्म उसका धर्म के भेदभाव के नाम पर बढ़ती हुई दूरियां स्वतः समाप्त हो जायेगी और वही सुबह विश्व शांति के लिए क्रांतिकारी सुबह भी होगी। सारी मानव जाति यह हृदय से स्वीकार करेगी कि ईश्वर एक है, धर्म एक है तथा सारी मानव जाति एक है।

## (चिंतन-मनन) पूर्वाग्रह न पालें

पुत्र वयस्क हो चुका था। उसने एक दिन पिता से कहा, %पिताजी! आज से मैं आपके साथ भोजन नहीं करूंगा।% यह कथन तनाव पैदा करने वाला था। पर पिता समझदार था। उसने तत्काल कहा, %बेटा! कोई बात नहीं है। इतने दिनों तक तुम मेरे साथ भोजन करते रहे तो आज से मैं तुम्हारे साथ भोजन करने लग जाऊंगा। कोई खास बात नहीं है।% पुत्र प्रसन्न हो गया। तनाव मिट गया। आक्रोश समाप्त हो गया। कोई अन्तर नहीं आया। पुत्र के मन में अहं जाग गया कि अब मैं पिता के साथ भोजन क्यों करूं? पिता ने उसके अहं को परोक्षतः पुष्ट करते हुए कह दिया, %मैं तुम्हारे साथ भोजन करने लग जाऊंगा।% यह है समन्वय की दृष्टि। समन्वय के दृष्टिकोण ने समस्या को सुलझा दिया। आदमी में अनेक प्रकार के आग्रह होते हैं, पूर्वाग्रह होते हैं। एक बात पकड़ ली तो फिर उसे छोड़ने का मन ही नहीं होता। जैसे मकोड़ा टूट जाता है, पर अपनी पकड़ नहीं छोड़ता, वैसे ही आदमी टूट जाता है, पर आग्रह को नहीं छोड़ता। मकोड़ा अज्ञानी है। उसकी चेतना विकसित नहीं है। आदमी ज्ञानी है। उसकी चेतना बहुत विकसित है। वह पकड़ को, आग्रह को छोड़ भी सकता है। सामाजिक या पारिवारिक जीवन में आग्रह जितना कम होता है, उतना ही जीवन सुखद और शांत रहता है। आग्रही व्यक्ति छोटी-सी बात को इतना तान देता है कि वह बड़ी समस्या पैदा कर देती है। सारी उलझनें पूर्वाग्रह के कारण पैदा होती हैं। दोनों ओर का पूर्वाग्रह स्थिति को बिगाड़ देता है। एक व्यक्ति यदि आग्रह को छोड़ देता है, तो स्थिति सुलझ जाती है। खींचने का अर्थ ही है समस्या का उलझना। इससे तो समस्या सुलझती नहीं।

## एलन मस्क को दो दिन में 3,70,720 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली (ए)।** दुनिया के प्रमुख रईसों में से एक एलन मस्क की नेटवर्थ में दो दिन में 50 अरब डॉलर यानी 3,70,720 करोड़ रुपए की गिरावट आई। उन्होंने टेस्ला में अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए ट्विटर पर एक पोल शुरू किया था। इसमें हिस्सा लेने यूजर्स ने शेयर बेचने के पक्ष में वोट दिया है। इसके बाद से पिछले दो दिन में टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई है। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 12 फीसदी की भारी गिरावट आई। इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों में गिरावट से मस्क की नेटवर्थ में 50 अरब डॉलर की गिरावट आई। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 15.1 अरब डॉलर की गिरावट आई थी जबकि मंगलवार को यह करीब 35 अरब डॉलर रही। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने जब 2019 में मैकेंजी स्कॉट को तलाक दिया था तो उनकी नेटवर्थ में एक दिन में 36 अरब डॉलर की कमी आई थी। यह किसी रईस की नेटवर्थ में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट थी। टेस्ला के शेयरों में गिरावट के कई कारण हैं। इसकी शुरुआत शनिवार को हुई जब मस्क ने टेस्ला में 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए ट्विटर पर अपने फॉलोअर्स से राय मांगी। टेस्ला में उनकी 23 फीसदी हिस्सेदारी है। मस्क की नेटवर्थ अब 288 अरब डॉलर रह गई है लेकिन अब भी वह बेजोस से कहीं आगे हैं। दोनों की नेटवर्थ में 83 अरब डॉलर का अंतर है। मस्क इस साल जनवरी में बेजोस के पछाड़कर पहली बार दुनिया के सबसे बड़े रईस बने थे और हाल में दोनों की नेटवर्थ में 143 अरब डॉलर का फासला हो गया था। हालिया गिरावट के बावजूद इस साल मस्क की नेटवर्थ में 70 फीसदी तेजी आई है। टेस्ला का मार्केट कैप अब भी 1 ट्रिलियन डॉलर के पार है। पिछले महीने ही कंपनी ने यह मुकाम हासिल किया था।

# आरबीआई देगा 40 लाख का इनाम! हैकथॉन के लिए 15 से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन

### - आरबीआई डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाने अपना पहला वैश्विक हैकथॉन कर रहा आयोजित

**मुंबई (ए)।** अगर आप डिजिटल भुगतान करते हैं और इसमें खामियों को पकड़कर सुधार कर सकते हैं तो आप 40 लाख रुपए जीत सकते हैं। दरअसल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित एवं उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से अपना पहला वैश्विक हैकथॉन आयोजित करने जा रहा है। आरबीआई ने हैकथॉन की घोषणा करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान को अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना इसकी विषयवस्तु रखी गई है। हार्बिंजर 2021 नाम के इस हैकथॉन के लिए पंजीकरण 15 नवंबर से शुरू होंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि हैकथॉन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल भुगतान की पहुंच वंचित तबके तक करने, भुगतान को सरल बनाने एवं इससे जुड़े अनुभव को बेहतर करने के साथ ही डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाने से जुड़े मुद्दों की पहचान करने के साथ उनके समाधान पेश करने होंगे। आरबीआई ने कहा ?कि हार्बिंजर 2021 का हिस्सा बनने से प्रतिभागियों को उद्योग के जानकारों का मार्गदर्शन हासिल करने का मौका मिलेगा। एक ज्यूरी हरेक वर्ग में विजेताओं का चयन करेगी। पहला स्थान पाने वाले को 40 लाख रुपए दिए जाएंगे जबकि, दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 20 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। सरकारी सूत्रों ने कहा कि नोटबंदी के बाद डिजिटल भुगतान प्रणाली के विकास से अंततः नकदी पर निर्भरता पर अंकुश लगेगा। आधिकारिक आंकड़े प्लास्टिक कार्ड, नेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सहित विभिन्न तरीकों से डिजिटल भुगतान में उछाल की ओर इशारा करते हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) का यूपीआई प्रणाली देश में भुगतान के एक प्रमुख माध्यम के रूप में तेजी से उभर रहा है। यूपीआई को 2016 में लॉन्च किया गया था और इसके जरिये लेन-देन महीने-दर-महीने बढ़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि आर्थिक अनिश्चितता की अवधि के दौरान नकदी की मांग हमेशा बढ़ती है और चूंकि नकदी संपत्ति का सबसे तरल रूप है, इसलिए भारी अनिश्चितता की अवधि के दौरान नकदी में वृद्धि की उम्मीद रहती है। महामारी के दौरान नकदी की मांग में वृद्धि एक विश्वव्यापी घटना रही है।

### एपीआई होल्डिंग्स ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा किए

नई दिल्ली (ए)। ऑनलाइन फार्मेसी मंच फार्मईजी के मालिकाना हक वाली कंपनी एपीआई होल्डिंग्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 6,250 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मसौदे के अनुसार इक्विटी शेयरों को नए सिरे से जारी करके धन जुटाया जाएगा। कंपनी 1,250 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों के निजी प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है।

## गिरावट के साथ खुले बाजार

### सेंसेक्स 60,000 और 17,922.15 पर



**मुंबई (ए)।** बीएसई सेंसेक्स बुधवार को शुरूआती कारोबार में 400 अंक से ज्यादा टूट गया। हालांकि आज ही नायका आईपीओ की लिस्टिंग हुई पर इसमें गिरावट का कोई असर नहीं दिखा। बाजार टूटने के बावजूद इसका शेयर 80 फीसदी से ज्यादा प्रीमियम पर लिस्ट हुआ। वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी कोष के निरंतर पैसे निकालने की खबरों के बीच सेंसक्स एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के शेयरों में गिरावट के कारण बुधवार को शुरुआती कारोबार में 400 अंक से अधिक टूट गया। शुरुआती सौदों में 30 शेयरों वाला सूचकांक 417.45 अंक की गिरावट के साथ 60,016 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 122.10 अंक गिरकर 17,922.15 पर था। सेंसेक्स में टाटा स्टील लगभग दो प्रतिशत की गिरावट के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, एचयूएल और एशियन पेंट्स के शेयरों का स्थान रहा। दूसरी ओर, एमएंडएम, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, आईटीसी और डॉ रेड्डीज लाभ पाने वालों में से थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 112.16 अंक की गिरावट के साथ 60,433.45 पर और निफ्टी 24.30 अंक गिरकर 18,044.25 पर बंद हुआ था।

## वोडाफोन आइडिया ने अपने करदाताओं से लोन रिकास्ट करने बातचीत शुरू की

नई दिल्ली (ए)। कर्ज के संकट से जूझ रही देश की तीसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने अपने करदाताओं से लोन रिकास्ट करने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व वाला एक कंसोर्सियम भी शामिल है। वीआईएल के लोन रिकास्ट में ब्याज के भुगतान पर फिलहाल रोक लगाने, रीपेमेंट की




अवधि बढ़ाने, या ब्याज दरें कम करने जैसे मसले शामिल हैं। इस मामले से जुड़े व्यक्ति ने यह जानकारी दी है। अगर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड लोन रिकास्ट का प्लान मंजूर होता है तो इससे टेलीकॉम कंपनी का वित्तीय दबाव कम हो सकता है। इसमें 14,000 करोड़ के कर्ज की देनदारी से कंपनी को त्वरित राहत मिल सकती है। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया का वोडाफोन आइडिया लिमिटेड पर करीब 11000 करोड़ का कर्ज बाकी है। जब सरकार ने टेलिकॉम कंपनियों को राहत देने का फैसला किया उसके बाद कर्ज देने वाले संस्थानों को यह भरोसा हुआ है कि टेलिकॉम कंपनी से जुड़ी अनिश्चितता अब कम हो गई है। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कर्जदाताओं को सूचना दी है कि इन्होंने फंड जुटाने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर से भी बातचीत शुरू की है। इस फंड का उपयोग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने में किया जाएगा। कर्ज में डूबी और संकटग्रस्त टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड के पास अब सरकारी मदद के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। केंद्र सरकार वीआई को कोई राहत उपलब्ध कराने से पहले यह चाहती है कि कंपनी के प्रमोटर वीआई में पूंजी निवेश करें। सरकार यह प्रयास इसलिए कर रही है जिससे कि उसे भरोसा हो कि सरकारी मदद के बाद दोनों प्रमोटर कंपनी का कामकाज जारी रखने में रुचि ले रहे हैं। भारी कर्ज से जूझ रहे टेलिकॉम सेक्टर से लिए केंद्र सरकार जल्द ही राहत पैकेज जारी कर सकती है। सरकार ने कंपनी में एफडीआई के जरिए 15,000 करोड़ रुपए तक के निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## सोने में तेजी , चांदी की कीमतें गिरीं

नई दिल्ली (ए)। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में तेजी आई है जबकि चांदी की कीमतें गिरी हैं। दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने के दाम में 137 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़े हैं। इससे राष्?ट्रीय राजधानी में 99.9 ग्राम शुद्धता वाले सोने का भाव 47,311 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, अंतरराष्?ट्रीय बाजार में आज सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई और ये 1,827 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी की कीमतों में सोने के विपरीत आज गिरावट का रुख देखा गया। दिल्?ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी के दाम 160 रुपये की कमी के साथ ही 63,482 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुए जबकि अंतरराष्?ट्रीय बाजार में आज चांदी के दाम 24.30 डॉलर प्रति औंस पर बने रहे।

## लैटेंट व्यू एनालिटिक्स ने एंकर निवेशकों से जुटाए 267 करोड़

नई दिल्ली (ए)। एंकर निवेशकों से 267 करोड़ रुपए जुटाने वाली लेटेंट व्यू एनालिटिक्स की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को बुधवार को बोली प्रक्रिया के पहले दिन अब तक 1.5 गुना ज्यादा अभिदान प्राप्त हुआ है। एनएसई के आंकड़ों से पता चलता है कि कंपनी के 600 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 1.75 करोड़ शेयरों के आईपीओ आकार के 2.62 करोड़ इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। मंगलवार को कंपनी ने 34 एंकर निवेशकों को 197 रुपए वाले प्रत्येक शेयर के कुल 13,553,898 इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया था, जो 267 करोड़ रुपए के लेनदेन आकार के बराबर है। मंगलवार की देर शाम बीएसई की वेबसाइट पर एक सर्कुलर अपलोड किया गया, जिसके अनुसार अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अशोका इंडिया इक्विटी इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट पीएलसी, एक्सिस म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, एडलवाइस एमएफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी एंकर निवेशकों में से हैं। आईपीओ में 474 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और एक प्रवर्तक और कुछ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 126 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। ऑफर-फॉर-सेल के हिस्से के रूप में प्रवर्तक अदुगुडी विश्वनाथन वेंकटरामन 60.14 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे, शेयरधारक रमेश हरिहरन 35 करोड़ रुपए और गोपीनाथ कोटेश्वरन 23.52 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे। वर्तमान में कंपनी में वेंकटरमण की 69.63 प्रतिशत हिस्सेदारी है, कोटेश्वरन की 7.74 प्रतिशत हिस्सेदारी है और हरिहरन की 9.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईपीओ के तहत शेयर का मूल्य दायरा 190-197 रुपए प्रति शेयर होगा और निर्गम 10 नवंबर को सार्वजनिक खरीद के लिए खुलेगा और 12 नवंबर को बंद होगा। नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग अनुषंगी लैटेंटव्यू एनालिटिक्स कॉर्पोरेशन की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं सहित अन्य के लिए किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि निर्गम का 75 प्रतिशत तक योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए और शेष 10 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित किया गया है।

# टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आज होगी पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया में टक्कर

### शाम 7.30 बजे से शुरू होगा मैच




**दुबई (ए)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को पाकिस्तान टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। बाबर आजम की कप्तानी में इस बार विश्व कप की शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन कर रही पाक टीम का पलड़ा इस मैच में भी भारी नजर आता है क्योंकि उसने शुरुआत से ही अपने सभी मैच जीते हैं। यहां तक कि पहली बार विश्व कप में भारतीय टीम को भी हराया है। इससे उसके हौंसले बुलंद हैं। वहीं दूसरी और कप्तान आरोन फिंच की ऑस्ट्रेलियाई टीम भी कम नहीं आंकी जा सकती है। ऑस्ट्रेलियाई टीम सही समय पर लय में आ गयी है।

पिछली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने माइक हसी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की थी जिसे वह दोहराना चाहेगी हालांकि यूएई में इस बार हालात अलग हैं और पाक टीम बेहद आक्रामक अंदाज में नजर आ रही है जबकि विश्व कप से पहले उसे खिताब के प्रबल दावेदारों में भी नहीं माना जा रहा था।

पाक टीम को इस टूर्नामेंट में बेहद कम अभ्यास के कारण उतरना पड़ा क्योंकि विश्व कप से ठीक पहले न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने सुरक्षा हालातों को देखते हुए पाक दौरा रद्द कर दिया था। पाक टीम ने इस बार भारत के खिलाफ पहला मैच जीतने के बाद दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को हराया जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम समय में शानदार प्रदर्शन कर बाजी पलट दी। पाक टीम की ओर से कप्तान बाबर आजम ने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। इसके अलावा

मोहम्मद रिजवान ने भी शानदार बल्लेबाजी की है। इसके अलावा टीम की ओर से आसिफ अली और अनुभवी शोएब मलिक और मोहम्मद हफीज ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है।

वहीं गेंदबाजी की बात करें तो पाक टीम के पास तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राउफ हैं। इन दोनो ने इस बार विरोधी टीमों के बल्लेबाज क्रम को ढ़हा दिया है हालांकि हसन अली उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बाबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं स्पिन आक्रमण की कमान इमाद वसीम, मोहम्मद हफीज और शादाब खान के पास रहेगी। स्पिन के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं दूसरी ओर साल 2010 की उपविजेता ऑस्ट्रेलिया खराब शुरुआत के बाद सही समय पर लय में आ गयी है और वह अब पहली बार यह खिताब जीतना चाहेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल इसी खिताब को नहीं जीत पायी है। इंग्लैंड के खिलाफ आठ विकेट की हार के अलावा फिंच की कप्तानी वाली टीम ने अपने बाकी सभी मुकाबलों में दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की है और दक्षिण अफ्रीका को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। ऑस्ट्रेलिया के पास गेंदबाजी में जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस है जबकि बीच के ओवरों में लेग स्पिनर एडम जंपा ने शानदार प्रदर्शन किया है।

वहीं ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ी कभी भी बाजी पलट सकते हैं। टीम के पास एश्टन एगर जैसे स्पिनर भी हैं। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के फॉर्म में आने से टीम की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। टूर्नामेंट से पहले खराब फॉर्म से जूझ रहे वार्नर ने लय में आते हुए दो अर्धशतक लगाये हैं जिसमें पिछले मैच में नाबाद 89 रन की पारी भी शामिल है। वार्नर और फिंच की सलामी जोड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को विफल कर सकती है। तीसरे नंबर पर मार्श अच्छी फॉर्म में हैं।

अनुभवी स्टीव स्मिथ के रुप में टीम के पास एक जिम्मेदार बल्लेबाज है। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों का पलड़ा भारी रहा है और ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम को लाभ होना तय है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं -

ऑस्ट्रेलिया - आरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्वेपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

पाकिस्तान - बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमां, हैदर अली, हारिस राउफ, हसन अली, इमाद वसीम, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, सरफराज अहमद, शाहीन शाह अफरीदी और शोएब मलिक।

## भारत-न्यूजीलैंड पहले टी20 के लिए आज से होगी टिकटों की बिक्री, कोरोना नियमों का पालन रहेगा अनिवार्य

जयपुर (ए)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 17 नवंबर से जयपुर में होने वाली टी20 क्रिकेट सीरीज के पहले मैच के लिए गुरुवार से टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरु होगी। इस बार टिकट की न्यूनतम कीमत 1000 रुपये होगी। एक हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक की टिकट पेटीएम पर उपलब्ध रहेंगी। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले इस मैच को देखने आने वाले लोगों को कोरोना नियमों का पूरी तरह पालन करना होगा। ऐसा नहीं होने पर वे टिकट होने के बाद भी मैच नहीं देख पायेंगे। सरकार ने स्टेडियम की पूरी क्षमता के अनुसार दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दे दी है। इससे पहले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने मैच के लिये गृह विभाग से सलाह मांगी थी। गृह विभाग ने आरसीए को पूरी क्षमता के साथ दर्शकों के प्रवेश के लिये अनुमति दे दी है। गृह विभाग की ओर से मैच के दौरान कोविड-19 संक्रमण को रोकने के लिये आरसीए को दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

एसोसिएशन को गृह विभाग से मिले दिशा-निर्देशों के तहत मैच के दौरान दर्शकों को कोविड गाइडलाइन की पालना करते हुए मास्क का अनिवार्य उपयोग करना होगा। वहीं सेनेटाइजेशन, थर्मल स्क्रीनिंग के साथ ही बंद स्थानों पर वेंटीलेशन होने भी अनिवार्य है। स्टॉफ, दर्शकों और खिलाडियों को टीके की एक डोज लगी होनी चाहिये। वहीं टीके की दूसरी खुराक नहीं लेने वाले दर्शकों को मैच शुरू होने से 48 घंटे के अंदर की आरटीपीसीआर निगेटिक रिपोर्ट लाना जरूरी होगा।

## पाकिस्तान जीत सकती है टी20 खिताब : डुप्लेसिस

जोहांसबर्ग (ए)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर फाफ डुप्लेसिस के अनुसार इस बार पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप जीत सकती है। डुप्लेसिस ने यह भी कहा है कि इस बार न्यूजीलैंड के जीतने की भी संभावनाएं हैं क्योंकि कई बार कीवी टीम किसी टूर्नामेंट के करीब पहुंचकर भी उसके हासिल नहीं कर पायी है इसलिए वह इस बार कोई कसर नहीं रखेगी। डु प्लेसिस ने कहा, वहीं पाक ने इस बार टूर्नामेंट में जिस प्रकार से खेला है उससे वह इस टूर्नामेंट को जीतने की सबसे बड़ी दावेदार नजर आ रही है। वहीं डुप्लेसिस ने इस टूर्नामेंट में अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि हमने पांच में से चार मैच जीते हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है, टीम को अपने प्रयासों पर गर्व का अनुभव करना चाहिए। वहीं इस टूर्नामेंट में हमारी गेंदबाजी भी काफी अच्छी रही। प्लेसिस ने यह भी कहा कि वह जानते थे कि आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के बाद भी 2021 टी20 विश्व कप के लिए उन्हें चुने जाने पर विचार नहीं किया जा रहा था। उन्होंने कहा, यह मेरा निर्णय नहीं है पर मुझे लगता था कि टी20 विश्व कप के लिए मेरे नाम पर विचार नहीं हो रहा था। जब मुझे श्रीलंकाई दौरे के लिए नहीं चुना गया तो मुझे इसकी उम्मीद थी। मेरी उम्मीदें थीं कि मैं विश्व कप में नहीं जा रहा था, भले ही आईपीएल में मेरा प्रदर्शन असाधारण था।



# देश की ओर से खेलने का सपना पूरा होने से उत्साहित हैं आवेश

इंदौर (ए)। तेज गेंदबाज आवेश खान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि देश की ओर से खेलने का उनका सपना अब पूरा हुआ है। आवेश तीन महीने बाद बुधवार को जब अपने घर पहुंचे तो रिश्तेदारों, परिचितों और प्रशंसकों की भीड़ लग गयी। सभी लोग उन्हें टीम में जगह मिलने पर बधाई देने आये थे। आवेश के परिजनों ने इस खुशी के अवसर पर अभी को मिठाई भी खिलाई।

इस दौरान आवेश ने कहा, 'हर क्रिकेटर का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए खेले और वह इसी



सपने को वास्तविकता में बदलने के लिए मेहनत करता है। मेरा यह सपना अब पूरा हो गया है।% खान ने कहा कि पिछली घरेलू प्रतियोगिताओं और आईपीएल में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उन्हें भारतीय टीम में जगह बनाने में मदद मिली। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय पूर्व क्रिकेटरों अमय खुरासिया, चंद्रकांत पंडित, देवेंद्र बुंदेला और अब्बास अली के सहयोग ओर जिन्होंने उनकी काबिलियत को पहचाना और तराशा है।

आवेश ने कहा कि उन्हें बचपन से क्रिकेट खेलने का शौक था और वह पेशेवर क्रिकेटर ही बनना चाहते थे। वहीं उनके पिता ने कहा कि आवेश पहले इंदौर कोल्ट्स क्रिकेट क्लब से जुड़ा। फिर अमय खुरासिया ने उसकी प्रतिभा को पहचाना और अपनी क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण दिया। उसके बाद से ही आवेश आगे बढ़ता गया। इसी कारण आवेश जब तीन महीने बाद इंदौर लौटा तो हम सबसे पहले खुरासिया के घर पहुंचे और आवेश ने उनसे आशीर्वाद लिया।

## मरे स्टाकहोम ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

स्टाकहोम (ए)। ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे नॉर्वे के क्वालीफायर विक्टर दुरासोविच को हराकर स्टाकहोम ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ने विश्व के 354वें नंबर के खिलाड़ी दुरासोविच को आसानी से 6-1, 7-6 से हराया। अब दूसरे दौर में मरे का उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। मरे ने एक सेट अंक बचाया और फिर अपने तीसरे मैच अंक पर मुकाबला जीत लिया। वहीं पांचवें वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने इगोर गेरासिमोव को 6-4, 6-4 से हराया। अब अगले दौर में उनका सामना अपने युगल जोड़ीदार टॉमी पॉल से होगा। एक अन्य मुकाबले में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज ने एमिल रुसुवुओरी को कड़े मुकाबले में 6-4, 3-6, 7-6 से पराजित किया।

# गेंद और बल्ले दोनो से बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करुंगा: वेंकटेश

**मुम्बई (ए)।** युवा ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट टीम में जगह मिलने पर उत्साहित होते हुए कहा है कि वह गेंद ओर बल्ले दोनो से ही बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। वेंकटेश ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा था यहां तक कि उन्हें अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का विकल्प भी माना जा रहा है। ऐसे में वेंकटेश जानते हैं कि टीम में अपनी जगह बनाने के लिए उन्हें दोनो ही क्षेत्रों में अपने को साबित करना होगा। इस युवा खिलाड़ी ने कहा, ''अब तक काम के बोझ का मेरा प्रबंधन अच्छा रहा है। मैं ऑलराउंडर हूं इसलिए मुझे खेल के दोनों पहलुओं पर बराबर ध्यान देना पड़ता है।

वर्ग के टूर्नामेंटों में राज्य स्तर पर खेलने के दौरान से ही मैं ऐसा करता रहा हूं। अब तक यह मेरे लिए बहुत बड़ा मुद्दा नहीं रहा है।'' अय्यर विभिन्न प्रारूपों में अपने कौशल का नजारा पेश करना चाहते हैं।



उन्होंने कहा, ''मैंने हमेशा लाल गेंद के अपने खेल पर कड़ी मेहनत की है और यह मेरा प्रयास रहा है कि मैं सिर्फ एक कौशल तक सीमित नहीं रहूं।'' अय्यर ने कहा, ''अगर आपको भारत के लिए खेलना है तो आपको सभी प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा और यही कारण है कि मैंने अपने खेल के दोनों विभागों पर काफी काम किया है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने अपनी बल्लेबाजी पर जितना काम किया है, उतना ही काम अपनी गेंदबाजी कर भी किया है।'' आईपीएल में अय्यर ने नाइट राइडर्स के लिए 370 रन बनाने के अलावा तीन विकेट भी लिए थे जिससे वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हुए। रणजी ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के लिए छह अर्धशतक जड़ने के अलावा सात विकेट लेने वाले अय्यर ने कहा कि उन्हें यहां तक पहुंचाने में सिर्फ आईपीएल की ही भूमिका नहीं रही। उन्होंने कहा, ''मैं कहना चाहूंगा कि यह सिर्फ आईपीएल नहीं था जिसने मुझे विश्वास दिया कि मैं देश का प्रतिनिधित्व करूंगा।'' अय्यर ने कहा, ''जब भी मैं अपने राज्य मध्य प्रदेश के लिए रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली खेलता था तो मुझे हमेशा पता था कि अगर मैं घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगा तो एक दिन मैं भारत के लिए खेलूंगा। मुझे हमेशा से यह विश्वास था।''

# सुबह से शाम तक चंबल पुल पर चला रहा सुधार कार्य, शाम को रेंगे वाहनों के पहिए





### चंबल पुल के पिलर नं.छह में आई थी खराबी, तीसरी में हो पाई मरम्मत पूरी

### फूप से ट्रैफिक किया डायवर्ट, दिनभर सड़क पर लगा रहा जाम

भिण्ड। मप्र की भिंड सीमा को उत्तर प्रदेश की इटावा जिले की सीमा से जोडने वाला चंबल नदी के पुल का पिलर नंबर छह में तकनीकी खराबी आई है। यहां बुधवार सुबह काम शुरु हुआ जो देर शाम तक पूरा हो सका, जिसके बाद वहानों के पहिए चले। यह सुधार कार्य सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान हैवी वाहनों को पुल के दोनों ओर रोक दिया गया है। इस वजह से लंबा जाम लग गया था है। यहां केवल छोटे, हल्के वाहनों को पुल के ऊपर से निकालने की इजाजत दी गई थी और सभी तरह के वाहन दिनभर सड़क पर ही थम रहे।

यहां बता दें कि नेशनल हाईवे 719 प चंबल पुल को ओवर लोडिंग वाहनों की वजह से खराबी आ थी। इस पुल से ओवर लोडिड डंपर, कंटेनर रेत और गिट्टी को लेकर निकाले जाते है। इस वजह से पुल पिलर क्रमांक छह में तकनीकी खराबी आई है। पिलर नंबर छह का हिस्सा मूव नहीं कर रहा है। हालांकि पिछले एक महीने में दो बार सुधार कार्य किया गया है। एक बार फिर से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सेतू अफसरों द्वारा सुधार कार्य कराया गया। बुधवार की सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक सुधार कार्य चलता रहा और शाम के वक्त काम पूरा होते ही वाहनों का अवागमन शुरु हो गया। चंबल पुल पर जाम लगते ही फूफ़पुलिस ने भदाकुर तिराहे पर मोर्चा संभाला। जिससे भिंड की ओर से आने वाले वाहन चालक जाम में न फंसे। इसके बाद भदाकुर तिराहे से वाहन चालक हनुमंत पुराए चकरनगर, लखना बकेवर होते इटावा-कानपुर हाइवे की ओर निकाले गये।

### पुल पर तीसरी बार हुआ सुधार कार्य

चंबल पुल के पिलर नंबर 6 की बेयरिंग क्षतिग्रस्त है। बेयरिंग की मरम्मत के लिए 30 अक्टूबर को चंबल पुल पर सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक भारी वाहनों को रोका गया था। लेकिन प्रेशर मशीन खराब होने की वजह से क्षतिग्रस्त बेयरिंग मशीन को ठीक नहीं किया जा सका। इसके बाद दूसरी दूसरी बार 2 नवंबर को सुधार कार्य चला था। इसके बाद भी काम पूरा नहीं हो सका। तीसरी बार बुधवार 10 नवंबर को सुधार कार्य किया गया। इस बार पूरे दिन सुधार कार्य चलता रहा।

## भिंड में मेहगांव एसडीओपी की कार पलटी

### डीजल लेकर वापस लौट रहा था चालक, अचानक कार के सामने आई गाय, ब्रेक लगाते ही सडक पर पलटी

भिण्ड। जिले के मेहगांव एसडीओपी की कार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। कार को जब चालक डीजल लेकर आ रही थी तभी सडक पर अचानक सामने आ गईए तभी चालक ने ब्रेक लगा दिया। इसके बाद कार असंतुलित होकर डिवाइडर पर जा टकराई जिससे बुरी तरह से



क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में चालक के सिर में चोट आई है। यहां बता दें कि बुधवार दोपहर मेहगांव एसडीओपी राजेश राठौर इलाके के भ्रमण पर निकलने वाले थे। इससे पहले चालक रामसहाय तोमर कार में डीजल लेने के लिए थाने से कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा। डीजल लेकर जैसे ही वापस आए तभी भागती हुए एक गाय सडक पर कार के सामने आ गई। कार चालक राम सहाय ने गाय को बचाने के लिए ब्रेक लगा दिया। इसके बाद कार असंतुलित होते हुए घूमकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। इस दौरान कार के अंदर चालक अकेला ही था। इस हादसे में चालक के सिर पर चोट आई है। यह सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। घटना के बाद सडक पर जाम लगने लगा। इसके बाद पुलिस ने सडक से कार को हटवाया और चालक को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

## एमजेएस कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

भिण्ड। शा. एमजेएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिण्ड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय भिण्ड के पत्र के अनुपालन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा 10 से 15 नवंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इस श्रृंखला में बुधवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। विधि विभाग के छात्र एवं छात्राओं द्वारा इसमें पूर्ण ऊर्जा एवं उत्साह के साथ प्रतिभागिता दर्ज की गई। निबंध लेखन करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के समापन दिवस पर उचित पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने छात्रों को कोविड-19 की वैक्सीन लगवाने का आह्वान किया एवं निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की गई। निबंध प्रतियोगिता में अंजू कुशवाह प्रथम, गोसिया द्वितीय, पंकज भारद्वाज तृतीय, क्रमशः विजयी रहे एवं सोनम नरवरिया, पुनीत राठौर सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित हुए। इस अवसर पर विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केके रायपुरिया और प्रो. मोहम्मद फरजाद, प्रो. सुधा नरवरिया, प्रो. श्यामजी निगम, आशुतोष मिश्रा, साक्षी भदौरिया सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## भिंड से दिल्ली जा रही स्लिपर बस का यूपी में टायर फटा, ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराईए 4 घायल



### हादसे के कारण बढ़पुरा में लगा रहा जाम, पुलिस ने बड़ी मशक्कत से खुलवाया

भिण्ड। भिंड के फूप से दिल्ली जा ही स्लिपर बस का टायर इटावा से बाह की तरफ जाते समय फट गया। टायर फटते ही स्लिपर बस सामने से आ रहे एक ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। यह घटना बढपुरा, यूपी की है। घटना के बाद मौके पर यूपी पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सैफई अस्पताल भेजा, जहां उपचार कराया गया। यूपी के बढ़पुरा थाना पुलिस के मुताबिक भिंड जिले के फूप पंचायत से करीब सात बजे एक स्लीपर बस रवाना हुई। इस बस में फूप व अटेर कस्बे व आस पास ग्रामीण क्षेत्र की सवारी थी। यह सवारी दिवाली पर घर आई थी। वे काम धंधे की तलाश में वापस दिल्ली लौट रही थी। यह बस का दाहिने साइड का टायर अचानक फट गया। बस असंतुलित हो गई। इसके बाद सीधे सामने से आ रहे ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। इस वजह से ईंटों से भरी ट्रॉली सडक पर पलट गई। इधर बस में बैठी सवारी कृष्णा पत्नी मंगल निवासी सिरोली, भूरी पुत्र मंगल निवासी सिरोली, निखिल पुत्र दशरथ निवासी जाजेपुरा, लक्ष्मी पुत्री ब्रजभान सिंह निवासी फूप घायल हो गए। हादसे के बाद सडक पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से चारों घायलों को उपचार के लिए सैफई अस्पताल लेकर गए। इसके बाद सडक पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-टॉली को साइड से कराते हुए जाम खुलवाया। बढपुरा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में लगी हुई है।



## भागवत कथा में वितरित किए 400 तुलसी के पौधे

### तुलसी का पौधा है श्रीहरि को अतिप्रिय : नंदू

भिण्ड। नेहरू युवा केन्द्र भिण्ड ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशुतोष शर्मा नंदू व गायत्री परिवार, दीया ग्रुप भिण्ड से उसके अनुज आकाश शर्मा ने 17 बटालियन स्थित मां निरंजना धाम में चल रही संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन तुलसी के 400 से अधिक पौधे वितरित किए।

तुलसी का महत्व बताते हुए आशुतोष शर्मा नंदू ने कहा कि तुलसी का पौधा भगवान विष्णु को अतिप्रिय है, इसलिए उनकी पूजा में तुलसी का उपयोग किया जाता है। तुलसी के पत्ते के बिना पूजा अधूरी मानी जाती है, तुलसी हमारे सनातन धर्म में सबसे श्रेष्ठ पौधा बताया गया है, धार्मिक कार्यों से लेकर औषधियों में भी शामिल है। इसकी शुभता जग व्याप्त है, इसलिए इसे अवश्य रोपित करना चाहिए। हमारे धर्म ग्रंथों की मान्यताओं में तुलसी को पौधा ही नहीं बल्कि देवी का स्वरूप बताया गया है। आधुनिक युग पर पर प्रकाश डाला जाए तो यह देखने को मिलता है कि वैज्ञानिकों ने भी तुलसी के पौधे का लोहा माना है। कोरोना काल में तुलसी के काढ़े ने हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कोरोना से लड़ने में मदद की।

व्यासपीठ पर विराजे विख्यात कथा वाचक पं. श्री सेवाराम शास्त्री ने तुलसी की महिमा का विस्तार में सुवर्णन करते हुए लोगों को कई उदाहरण के माध्यम से बताया कि हमें तुलसी का पौधा अपने घर के आंगन में अवश्य लगाना चाहिए। यह हमारी पहचान व परंपरा



भी है। हमारे समाज के लोग पाश्चात्य सभ्यता की ओर बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे पौधे लगा रहे हैं जिनका कोई लाभ नहीं है। हमें तुलसी आदि वनस्पतियों के पौधे लगाने चाहिए, वे हमें 24 घण्टे ऑक्सीजन के साथ-साथ हमारे शरीर को भी पुष्ट करते हैं, जिससे हमारी जीवनशैली को अच्छा प्रभाव पड़ता है। पंडाल में विराजे श्रुति श्रोताओं ने हाथ उठाकर प्रण लिया कि हम सभी अपने घर आंगन में तुलसी का एक पौधा अवश्य लगाएंगे तथा नित्य प्रतिदिन उसकी देख भाल करेंगे। कथा में पधारे महामण्डलेश्वर श्री 1008 सत्यानंद जी महाराज गोवर्धन धाम, संत, महंत, शास्त्री, महात्माओं ने अपने आशीष वचनों से सभी भक्तों और श्रोताओं को कृतार्थ किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम चंदूपुरा में 20 नवम्बर से होगा भव्य रासलीला का आयोजन

भिंड। जिले के काली माता का मंदिर ग्राम चंदूपुरा में विगत वर्षो की भांति वृन्दावन बिहारी की कृपा से इस वर्ष भी भव्य रासलीला का आयोजन होने जा रहा है जो 20 नवम्बर शनिवार से प्रारंभ होकर 28 नवम्बर रविवार समय दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इस रासलीला का लुफ्त क्षेत्र के आसपास के लोग सभी कार्यक्रम का लाभ बढ़चढकर उठायें। जिसमें श्रीश्री 1008 कमलदास महाराज जी त्रिमुखा भैया टीकरी, श्रीश्री1008 सुखानंद महाराज हनुमान टेकरी चंदूपुरा, श्रीश्री 1008 शांतिदास महाराज खेरापति सरकार मेहगांव कुल गुरु पंडित सुमन शास्त्री लावन वाले के द्वारा रासलीला में रसपान कराया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन घनश्यामदास महाराज, व्यवस्थापक समस्तग्रामवासी चंदूपुरा रहेगे।

### वीरेन्द्र नगर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 12 से

भिण्ड। शहर में नगर पालिका के सामने वीरेन्द्र नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार 12 नवम्बर को श्रीगणेश पूजन एवं कलश यात्रा से आरंभ होने जा रहा है। जानकारी देते हुए कथा पारीक्षत श्रीमती रामाबाई एवं रामशंकर पुरोहित ने बताया कि कथा का वाचन श्रीश्री 1008 विजयराम महाराज खनेता वाले के कृपा पात्र शिष्य बाल संत राजेश्वरी बाई जी करेंगीं। मंच संचालन महंत श्यामा बाई जी मानस कोकिला वृंदावन धाम करेंगी। उन्होंने बताया कि कथा का वाचन 12 नवम्बर शुक्रवार से रोजाना दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। कथा का समापन हवन, पूर्णाहुति एवं भण्डारे के साथ 19 नवम्बर शुक्रवार को होगा। आयोजक मण्डल की ओर से सुरेश प्रसाद पुरोहित, देवेन्द्र पुरोहित, अशोक, सुरेन्द्र, रामनरेश, राधाबल्लभ, वीरेन्द्र, जयशंकर पुरोहित एवं गणेश पुरोहित ने शहर एवं क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है।

### लोसपा का धरना एवं आमसभा 13 को

#### प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक रघु ठाकुर करेंगे संबोधित



भिण्ड। आज कृषि का समय है तब किसानों को खाद के लिए सड़कों पर चक्कर काटना पड़ रहा है। हालत इतने बदतर है कि किसान अपनी बोनी नहीं कर पा रहा है और अगर यही हालत रहे तो किसान बर्वाद हो जाएंगे तथा आत्महत्याओं को लाचार होंगे। इसके लिए प्रशासन की जवाबदारी होगी। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी हमेशा से किसानों एवं आम लोगों की आवाज उठाती आई है जिसके अंतर्गत पिछले दिनों पार्टी द्वारा भिण्ड में मेडीकल कॉलेज खोलने की मांग की थी, जिसको लेकर जिले से हजारों आम लोगों ने हस्ताक्षर कराकर मप्र शासन के मुख्यमंत्री को भेजे गए तथा उनसे मांग की गई कि भिण्ड में मेडीकल कॉलेज खोला जाए। मुरैना ग्वालियर से नजदीक 30 किमी है। दतिया झांसी से नजदीक है जहां मेडीकल कॉलेज है, नजदीकी दूसरे जिलों के लिए भी ग्वालियर में मेडीकल कॉलेज है, परंतु भिण्ड, जो ग्वालियर जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर होने के बावजूद तथा भिण्ड जिले का आखिरी कोना वह तो सवा सौ से डेढ़ सौ किमी दूर पड़ता है, फिर भी यहां मेडीकल कॉलेज नहीं है। मेडीकल कॉलेज भिण्ड की महती आवश्यकता है।

इसके अलावा जिले अन्य समस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी द्वारा एक दिवसीय धरना व आमसभा का आयोजन किया जा रहा है, धरना व आमसभा को देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर संबोधित करेंगें। धरना व आमसभा 13 नवंबर शनिवार को 11 बजे, धनवंतरी कॉम्पलेक्स भिण्ड रखा गया है। 13 नवम्बर के धरने को संबोधित करने के लिए रघु ठाकुर के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभूदयाल बघेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह यादव, प्रदेश महामंत्री जयंत सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी भिण्ड जिले के सभी नागरिकों से सहयोग अपील करती है कि भाइयो, यह समस्याएं आपकी हैं और संघर्ष भी आपके व जिले की जनता के हित के लिए है। इसलिए धरना, आमसभा में अधिकाधिक संख्या में पहुंचें। अपील करने वालों में प्रदेश महामंत्री निसार कुरैशी, प्रदेश महामंत्री व प्रवक्ता असगर खान, रूपेन्द्र सिंह राणा, अजय सिंह यादव, राघवेन्द्र सिंह नरवरिया, भानुप्रताप बघेल, सूबेदार राठोर, सुनील यादव, जिलामंत्री कमरुद्दीन खान, संदीप श्रीवास, विकास कुशवाह, अब्दुल सलाम, हाकिम खान, संजीव कुशवाह, विकास भदौरिया, शिवकुमार त्यागी, समाजवादी नेता हेमचंद जैन आदि हैं।

## लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के ओआईसी ने एनएएस परीक्षा में चयनित विद्यालयों का दौरा कर परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

भिण्ड। स्कूली छात्रों के शिक्षा का स्तर जानने के लिए एनसीईआरटी पूरे देश मे आगामी 12 नवंबर को एनएएस (नेशनल अचीवमेंट सर्वे) परीक्षा आयोजित करने जा रही है। इस परीक्षा की तैयारियों का अवलोकन करने के लिए आज लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से ओआईसी सुमन कांत जैन ने परीक्षा में चयनित अटेर ब्लॉक के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय विवेकानंद हाई सेकेंडरी विद्यालय सुरपुरा, प्राइवेट जेपी हाई स्कूल जौरी कोतवाल, अशासकीय एम पी एजुकेशन अकैडमी जलपुरा का अवलोकन किया। उन्होंने यहां के स्टाफ एवं बच्चों से एनएएस परीक्षा से संबंधित जानकारियां की चर्चा की। एम पी एजुकेशन अकादमी जलपुरा के क्लासरूम में बैठने की व्यवस्था और सजावट उत्तम पाई गयी। साथ ही शासकीय हाई स्कूल प्रतापपुरा का अवलोकन किया जिसमें विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं से ओआईसी ने वन टू वन चर्चा कर छात्रों की एनएएस परीक्षा से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। एवं विद्यालय में व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में ओ आई सी लोक शिक्षण संचलनालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जमसारा का भी अवलोकन कियाए जहां व्यवस्थाएं अच्छी पाए जाने पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य आरसी पांडे की प्रशंसा की। इन अधिकारियों ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उदोतगढ़, शामा विद्यालय मल्लपुरा और शासकीय हाई स्कूल पावई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विद्यालयों के संस्था प्रभारियों को निर्देश दिये कि आगामी 12 नवंबर 2021 को आयोजित होने वाली एनएएस परीक्षा में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो और बेहतर परीक्षा परिणाम आये जिससे ब्लॉक, जिले और राज्य का नाम गौरवान्वित हो सके। निरीक्षण के समय ओ आई सी लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के साथ जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अटेर के जी शर्मा, बीआर सी अटेर देवेंद्र सिंह गुर्जर, जिला आई टी सेल से गजराज भदौरिया, एक्सीलेंस अटेर के प्रभारी प्राचार्य अरुण तोमर,अटेर विकासखंड के आई टी सेल प्रभारी नीरज पाठक, राधेश्याम शर्मा एवम ब्लॉक स्कॉलरशिप नोडल संजीव शर्मा साथ में उपस्थित रहे।





# युवा जनकल्याण सेवा समिति का दीपावली मिलन एवम प्रतिभा सम्मान समाहरोह हुआ सम्पन्न

**अमित शर्मा, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर-युवा जनकल्याण सेवा समिति द्वारा वैश्य गार्डन तानसेन नगर ग्वालियर में दीपावली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री संत कृपाल सिंह जी महाराज रहे विशिष्ट अतिथि ऋषि देवआनंद जी महाराज अन्य अतिथियों में रामकुमार सिंह सिकरवार, शिवनाथ सिंह कुशवाह, अशोक सिंह तोमर जी, गुड्डू तोमर जी, शैलेश सिंह कुशवाह जी, प्रदीप सिंह सिकरवार जी, जितेंद्र सिंह कुशवाह जी, राजेंद्र झा जी, महेश गौतम जी, विपिन सिंह तोमर जी, श्यामू ठाकुर जी, भरत चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम में 65 से अधिक समाजसेवियों का सम्मान किया गया एवं 40 पत्रकारों का सम्मान किया गया ।







समिति के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संत कृपाल सिंह महाराज ने गौ सेवा के क्षेत्र में काम कर रही युवा जन कल्याण समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं इस तरह के सामाजिक कार्यों को हमेशा करने के लिए प्रेरित किया संत श्री ऋषि देव आनंद महाराज ने समिति के कार्यों की काफी प्रशंसा की और कहा कि समिति के सभी साथी इसी प्रकार गौ सेवा कार्य को सतत निरंतर आगे बढ़ाते रहें ।

इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने भी अपने अपने बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए समिति के साथियों में संरक्षक श्री शिवनाथ सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिकरवार, उपाध्यक्ष हेमंत भदौरिया, सचिव सुरजीत सिंह राजावत, सह सचिव शिवम भदोरिया, कार्यकारिणी सदस्य अवधेश शर्मा, संतोष शर्मा, शहबाज खान, प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू कुशवाह, उपाध्यक्ष अनिल राठौर, उदय चौहान, अरविंद तोमर, महिला बिंग जिला अध्यक्ष रश्मि चौहान, उपेन्द्र परमार, रामअवतार तोमर, मानवेंद्र सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह तोमर, आशु राजावत, रवि प्रजापति, विवेक चौहान, ललित मराठा, नीरज जादौन, दीपेश राजपूत, शौर्य परमार सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे समिति के सदस्यों ने सभी आगंतुकों को तिलक चंदन कर अभिवादन किया और ग्वालियर एवं चंबल अंचल के वरिष्ठ समाजसेवी जन का स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वल्पाहार प्रदान किया गया कार्यक्रम का संचालन शैलेश सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार उपेंद्र परमार के द्वारा किया गया है।

# नसरुल्लागंज मध्य प्रदेश आंगनवाडी केंद्र नीनोर में फर्जी बीपीएल कार्ड लगाकर

## रोजगार सहायक ने बहु को कार्यकर्ता नियुक्त कराया

**आवेदक महिलाओं ने अंतिम मेरिट सूची पर कराई दर्ज आपत्ति**

**फर्जीबाडे की जांच कराने और नियुक्ति निरस्त कराने की मांग**

कन्हयालाल पुष्पांजली टुडे

सीहोर। कार्यालय एकीकृत बालविकास परियोजना बुदनी द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान आंगनवाडी केंद्र ग्राम नीनोर में फर्जी बीपीएल कार्ड लगाकर नौकरी प्राप्त करने का मामला सामने आया है। आवेदक महिलाओं ने अंतिम मेरिट सूची पर भी आपत्ति दर्ज कराई है। जनसुनवाई में फर्जीबाडे की जांच कराने और कार्यकर्ता की कथित नियुक्ति निरस्त कराने की मांग जिला प्रशासन से की गई है।

आंगनवाडी कार्यकर्ता के एक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिस में अनुभवशील आशा कार्यकर्ता ग्राम नीनोर तहसील व थाना रेहटी जिला सीहोर निवासी एसटी वर्ग की बीपीएल सूची में शामिल मंजू बामने पत्नि कैलाश बामने ने भी आवेदन किया था। आवेदिका ने मांगी गई सभी योग्यताओं की पूर्ती आवेदन में पूरी की। बावजूद इस के गांव की सम्पन्न परिवार से संबंध रखने वाली रोजगार सहायक की बहु मीनू पत्नि अशोक को अन्तिम मेरिट सूची में प्रथम स्थान पर रखा गया जबकी पात्र गरीब आवेदिका को मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान दिया गया। जबकी उक्त परिवार गरीबी रेखा सूची अंतर्गत आता हीं नहीं है गांव में दस एकड़ भूमि पक्का मकान वाहन सहित सभी सुख सुविधाएं उक्त परिवार के पास मौजूद है।

रोजगार सहायक ने रातों रात ग्राम पंचायत की मदद से बीपीएल कार्ड बना लिया।








# अम्बाह ब्राम्हण समाज सेवा ट्रस्ट की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह समपन्न...

पुष्पांजली टुडे

अम्बाह... ब्राम्हण समाज सेवा ट्रस्ट समारोह की नई कार्य कारणी का सपथ ग्रहण समारोह आज रतनबाटिका अम्बाह में समपन्न हुआ इसमें पूर्ब मंत्री राकेश चौधरी रहै तथा भगबान परष राम की मूर्ति पर फूलमाला चढाकर पूजा अर्चना की तथा मंचासीन अथितियो में अम्बाह एसडीएम राजीब समाधिया नगर पालिका सीएमओ रामनिबाश शर्मा डा. केएन मिश्रा हरिओम शर्मा दीपक शर्मा एवं समाज के बरिष्ट समाज सेवी उपस्थित थे। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश स्वामी,महामंत्री करू शर्मा कोषाध्यक्ष रामोतार उपाध्याय, उपाध्यक्ष सियाराम शर्मा, एवं कार्यकारणी सदस्यो को शपथ दिलाई। समारोह में नवनिर्बाचित अध्यक्ष रमेश दत्त स्वामी ने अच्छे संस्कार अपनाने नई पीढ़ी का सु संस्कारित परिवार, समाज का निर्माण करने का आह्वान किया। और स्वामी ने समाज के सामज्स से धर्मशाला के लिये साढे छह बिस्वा जमीन पूठ रोड पर धर्मशाला बनबाने के लिये खरीदने की बात कही जिसकी कीमत चालीस लाख बताई गई दूसरा उन्हौने कहा समाज मे अगर कही भी किसी को किसी प्रकार की कोई परेशानी है में सहयोग के लिये आधी पर तैयार हू तदोपरान्त पूर्ब बिधायक बलबीर दण्डोतिया ने शराब बन्दी व तेरवी पर बिशेष जोर देकर कहा कि सब बन्द होना चाहिये।

# मंत्री ने बड़े ही धूम धाम से मनाया जन्मदिवस

संतोष सिंह भदौरिया



भिण्ड । श्री राष्ट्रीय छत्रिय महासभा अखंड भारत ब्लॉक अध्यक्ष मेहगांव एवं ओ पी एस भदोरिया मंत्री के कट्टर समर्थक संदीप सिंह भदोरिया का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन अध्यक्ष मेहगांव एवं ओ पी एस भदोरिया मंत्री के कट्टर समर्थक संदीप सिंह भदोरिया का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन बधाई देने वाले क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजावत , प्रदेश प्रिंट मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया एव मध्य प्रदेश शासन राज्य मंत्री के लाडले प्रतिनिधि भतीजे डॉक्टर भरत सिंह भदौरिया उर्फ रिंकू भैया जी जन्मदिन मनाया साथ ही मुख्य रूप से उपस्थित अरविंद सिंह राजावत अंकित तोमर मौसम राजावत वासुदेव भदौरिया धर्मवीर परमार पंकज परमार छोटे परमार श्यामू भदौरिया सभी भाई उपस्थिति रहे और सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी की लहार इकाई की घोषणा

**विभाग संगठन मंत्री धर्मेंद्र दांगी एवम जिला संयोजक देवेश जी ने की लहार इकाई की घोषणा**

**लहार (अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**



अखिल भारतीय विद्यार्थी इकाई-लहार जिला भिण्ड की नगर बैठक हुई जिसमें प्रवास पर आये धर्मेन्द्र जी दाँगी विभाग संगठन मंत्री, देवेश जी पचौरी जिला संयोजक रहे। धर्मेन्द्र दाँगी जी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति के बारे में विस्तार से विषय रखा तथा छात्रों को अधिक से अधिक जो?ने ,उनके विकास में हमारी भूमिका तथा संगठन विस्तार को लेकर चर्चा हुई। आगामी समय मे विद्यार्थी परिषद की सदस्यता तथा आगामी कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई। इसी के साथ जिला संयोजक द्वारा लहार इकाई की नवीन सत्र की 2021-22 का निर्वाचित की जिसमे नगर अध्यक्ष हिमांशू दुबे और नगर मंत्री हरेन्द्र बघेल को बनाया इसी के साथ अन्य कार्यकर्ताओ में नीलू भारद्वाज, राजीव राठौर,गोविन्द शर्मा नगर उपाध्यक्ष, विवेक राठौर, रितेश दीक्षित, आदर्श दुबे नगर सहमंत्री , जितेन्द्र राठौर नगर प्रमुख,शनि कुशवाह प्रमुख,अखिलेश शाक्य महाविद्यालय प्रमुख,गिर्राज चौहान विद्यालय प्रमुख,कपिल शिवहरे विद्यालय सह प्रमुख, कृष्णा प्रजापति क्रीडा प्रमुख, राज वर्मा नगर सोसल मीडिया प्रमुख, विकाश राठौर,जयंत राठौर,राजू प्रजापति को नगर कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया ।

# जैन मिलन के नेतृत्व मेंनिशुल्क नेत्र परीक्षण शिबिर में

**डेढ़ सैकड़ा से ज्यादा लोगो ने कराया नेत्र परीक्षण**

**संतोष सिंह भदोरिया, पुष्पांजली टुडे**



गोरमी। नगर के पोरसा चौराहे के पास डॉक्टर आरके जैन के आवास पर रतनजोत हॉस्पिटल ग्वालियर के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस नेत्र परीक्षण शिविर में ग्वालियर से रतनजोत हॉस्पिटल से डॉक्टर भसीन की टीम ने डेढ़ सैकड़ा से ज्यादा मरीजों की आंखों का परीक्षण किया एवं उनको निशुल्क दवाई भी दी जिन लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत है ऐसे मरीजों का ग्वालियर के रतनजोत आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाएगा इस अवसर पर नेत्र शिविर के आयोजक डॉक्टर आरके जैन ने कहा किस शोषित पीड़ति मानवता की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है इस वजह से ही मैं हमेशा इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन समय-समय पर करता रहता हूं और आगे भी इस प्रकार के शिविर आयोजित होते रहेंगे नेत्र परीक्षण शिविर में सुबह 8ः00 बजे से ही मरीजों की काफी भीड़ आना शुरू हो गई थी जो कि ष्टदोपहर 2ः00 बजे तक जारी रही डॉक्टरों ने सभी मरीजों की आंखों का परीक्षण कराया एवं उन्हें आंखों की सुरक्षा के लिए उचित सलाह भी दी पांडे विजय जैन अनिल जैन अजीत जैन संजीव जैन अरविंद जैन डॉ राजकुमार जैन धर्मेंद्र जैन दीपक जैन आशीष जैन केके जैन अतुल जैन मोनू जैन कई सदस्य जैन मिलन के उपस्थित रहे।

# डॉ लक्ष्मणसिंह के चित्र पर पुष्पहार पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



पुष्पाजंली टुडे मंगलवार बेंगलूर। सीरवी समाज एस.एस.आर.लेआट आईमाता मंदिर में सीरवी समाज आईपंथ के धर्म गुरू व कैबिनेट मंत्री दीवान माधवसिंह के ज्येष्ठ पुत्र डॉ .लक्ष्मणसिंह के चित्र पर पुष्पहार पहनाकर कर भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस अवसर पर एस .एस.आर .लेआट वडेर अध्यक्ष फाऊलाल परिहारीया, उपाध्यक्ष मागीलाल सोयल, सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, बाबुलाल सोलंकी, नेमाराम सोयल, केनाराम मुलेवा, भंवरलाल बर्फा, बोहराराम पवार, प्रभूराम सीरवी, चेनाराम राठौ?, केसाराम राठौ?, बाबुलाल सोलंकी ,बोहराराम सीरवी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# फिल्मी हस्तियों ने बिलाड़ा पहुच कर दी कुंवरसाहब को पुष्पांजलि

पुष्पांजली टुडे, जोधपुर। बिलाड़ा सीरवी समाज के धर्मगुरू माधवसिंह जी दीवान के ज्येष्ठ पुत्र कुंवर (डॉ.) श्री लक्ष्मणसिंह के आकस्मिक निधन के उपरांत आयोजित शोकसभा में आज मुम्बई व चेन्नई फिल्म जगत से जुड़े हुए सीरवी समाज समाजबन्धुयों ने दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।

श्रद्धांजलि सभा में आर बी चौधरी फिल्म निर्माता चेन्नई, दुर्गाराम चौधरी आरडीसी मीडिया, नरेंद्र भाई चौधरी ब्यूटीफुल ग्रुप, कैलाश चौधरी मंगल मीडिया, पेमारामजी चौधरी पूर्व जिला प्रमुख, गौरी सीरवी पंचायत समिति सदस्य रायपुर, सुनील सीरवी भाजपा युवा नेता, वीरेंद्र सीरवी चेन्नई, खेताराम सीरवी, भूपेन्द्र सीरवी रायपुर सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियो ने आज आईमाताजी धाम बिला?ा पहुच कर दिवंगत पुण्यात्मा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

# मुरलीधर राव का पुतला फूंका एसडीएम को दिया ज्ञापन





बृजपाल सिंह गुर्जर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे, मेहगांव।

प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव भाजपा के ब्राह्मण बनियां जेव बाले वयान से आहत ब्राह्मण व जैन समाज ने आज कांग्रेस की अगुवाई मे मुरलीधर राव का पुतला दहन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन, आज 11/30 बजे तहसील गेट पर नगर के प्रबुद्धजनों व्दारा एकत्रित होकर नारेवाजी करते हुऐ मुरलीधर राव का पुतला दहन किया सभी समुदायों से इकठ्ठा हुऐ लोग भाजपा बिरोधी नारे लगाते हुऐ मुरलीधर राव के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे थे, कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री अमित दाँतरे ( पिंकी) ने बताया कि प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव का वयान ब्राह्मण बनियां जेब मे यह कहना ब्राह्मण और जैन समाज को आहत करने बाला वयान हे जिससे सभी समाज के लोगो को पीडित करने बाला हे, समाज के प्रबुद्धजनों के साथ मुरलीधर राव का पुतला दहन कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम मेहगांव को दिया हे जिसमे मुरलीधर राव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई हे, अन्यथा की स्थिति मे प्रदेश व देश मे आदोलन करने पर विवश होना पडेगा। इस अवसर पर ...रामोतार चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, अजमेर सिह गुर्जर एडबोकेट, सुभाष राठौर एडबोकेट, सुनील त्यागी,बबलू त्यागी नरेंद्र मिश्रा, सुरेश जैन पारस जैन राहुल जैन अंकित तोमर इलियास खांन एडबोकेट, मनीष शिवहरे सहित ब्राह्मण व जैन समाज ने भाग लिया।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 4 में 8 लाख रूपये की लागत से बनने वाली दो सीसी रोडों का किया भूमि पूजन





ग्वालियर 10 नवम्बर 2021/ प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 4 में 8 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि मैने आमजन से क्षेत्र के विकास का वादा किया था, अब वह पूरा होने जा रहा है क्षेत्र में विकास कार्य बहुत ही तेजी से कराये जा रहे हैं। आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यही मेरा प्रयास रहता है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 4 में कैलाश नगर में बनाई जा रही दो सीसी रोडों के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि क्षेत्र में चहुमुखी विकास देखने को मिलेगा। हर वार्ड में आपको कार्य होते हुए दिख जाएगा। प्रदेश सरकार की मंशा है कि रो?, सीवर व पेयजल से जुडे हुए कार्य रूकना नही चाहिए। इनका सीधा असर आमजन पर पडता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिंदे की छावनी से बहोडापुर तक बनाई जा रही रोड पर डिवाइडर बनाया जा रहा है जिस पर लाइटिंग व आकर्षक पौधे लगाय जाएगें जो इस रोड की शोभा बडाएगें। इसके साथ ही उन्होने कहा कि हजारों परिवारों को पात्रता पर्ची वितरित की जा रही है। कोई भी गरीब भूखा न रहे इस उद्धेश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर कराये जा रहे हैं। साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण के साथ साथ समय पर पूर्ण हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

## मुनिश्री के सानिध्य में 11 नबंबर को सिध्दचक्र महामंडल विधान शुरू होगा

**कार्यक्रम- उपग्वालियर लोहमंडी जैन मदिंर में सिद्धचक्र महामंडल विधान मेंआयोजित होगा**



ग्वालियर- उपग्वालियर लोहमंडी स्थित लाला गोकुलचंद जैसवाल दिगंबर जैन मदिर कमेंटी तत्वाधान में वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में विधानचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन आगरा के मार्गा दर्शन मे सिद्धो की आराधना करने के लिए श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव एवं विश्वशान्ति महायज्ञ व रथयात्रा महोत्सव 11 नवम्बर से 19 नवम्बर तक कार्यक्रम आयोजित होगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि 11 नबंबर को प्रातः 8 बजे से गाजे बाजे के साथ मंगल कलश यात्रा राजेश कुमार पदमचंद जैन परिवार के निवास चलकर पूजन सामग्री दिनेश जैन अशोक जैन के निवासी शुरू होकर मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल जैन मंन्दिर पहुँचेगी। जहॉ प्रात-9,00 बजे ध्वजरोहण कर शुभारंम किया किया जाएगा। मंगल स्थापन के साथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा के बाद सिध्दचक्र महामंडल विधान में महाअघ्य समर्पित करेंगे। वही शामम 7 बजे से महाआरती, शास्त्र प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। मंदिर के अध्यक्ष पदमचंद जैन ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान के लिए मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ मुरार से पद विहार कर 13 तारीख को सुबह 8-00 बजे गाजेबाजे के साथ लोहामंडी स्थित लाल गोकुलचंद जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा।

# होने लगी सीवर चेंबरों की मरम्मत





ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में स?क के लेवल से ऊंचे, नीचे सीवर चेम्बर एवं टूटे सीवर चेम्बर को बदलने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, शहर में कहीं भी टूटे चेंबर की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के अंदर शिकायत का निराकरण किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी सीवर शाखा श्री राजेन्द्र भदौरिया ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देशानुसार शहर के टूटे चेंबर एवं स?क के लेवल से ऊंचे व नीचे चेंबर बदलने के लिए नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर चेंबर बदलने का कार्य किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सीवर शाखा श्री राजेन्द्र भदौरिया ने बताया कि निगम के अमले द्वारा दक्षिण विधानसभा में वार्ड 52 पेट्रोल पम्प वाला रोड गुणा, वार्ड 49 समाधिया कॉलोनी मैन रोड, वार्ड 52 शीतला डेयरी वाले के सामने, वार्ड 40 डोलीबुआ पुल हनुमान मंदिर के सामने, वार्ड 49 समाधिया कॉलोनी, वलेदार का पुरा चंदन कुशवाह के सामने, वार्ड 49, तारागंज पुल गोपाल शर्मा के सामने, वार्ड 65 पटियावाला मोहल्ला श्रीधाम कॉलोनी सहित अन्य कई स्थानों पर सीवर चेम्बर कवर बदलवाए गए।

# डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर किया फॉगिंग व दवा छिड़काव





ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है। वर्तमान में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के विभिन्न स्थानों पर वार्ड-18 शताब्दीपुरम, दीनदयाल नगर, आदित्यपुरम, झांसी रोड नाका, हरीशंकरपुरम, गेंडे वाली सडक, धोबी चौक, बाल्मिक बस्ती, न्यू राम विहार कॉलोनी, बजरंग नगर, मेला रोड, गोसपुरा, रानीपुरा, गोविंदपुरी चौराहा, यूनिवर्सिटी रोड, चेतकपुरी, बारादरी मुरार, 7 नम्बर चौराहा, सीपी कॉलोनी आदि विभिन्न वार्डों में डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए दवा का छिडकाव किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्माण एजेन्सियों को किश्तों में करें भुगतान

**उद्यानिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कुशवाह ने की विभागीय समीक्षा**

ग्वालियर। निर्माण एजेन्सियों को किए गए निर्माण कार्य के आधार पर किश्तों में राशि का आवंटन किया जाए। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने बुधवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने विभाग की नर्सरियों के उन्नयन और भवन निर्माण के स्वीकृत कार्य के लिए पी.आई.यू को सम्पूर्ण राशि जारी करने के विरूद्ध निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेन्सियों को कार्य की कुल स्वीकृत राशि किश्तों में जारी करें। कार्य की प्रगति और भौतिक निरीक्षण के बाद राशि का भुगतान किया जाये। कार्य पूर्णता पर ही सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जाए। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में चालू वित्तीय-सत्र के लिए लक्ष्य और प्राप्त आवंटन के दृष्टिगत कार्य में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में माइक्रो इरीगेशन स्कीम के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि 50 प्रतिशत से भी कम है। वित्तीय-सत्र के शेष रहे महीनों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। बैठक में राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषक प्रशिक्षण, फल पौध-रोपण, एम.आई.डी.एच, आर.के.व्ही.वाय. सहित अन्य विभागीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, आयुक्त उद्यानिकी श्री एम.के.अग्रवाल, एम.डी.एम.पी.एग्रो श्री श्रीकांत बनोठ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 नवम्बर को

ग्वालियर। ग्वालियर जिले के विभिन्न जलाशयों से वर्ष 2021-22 में रबी फसल में पानी उपलब्ध कराने हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 नवम्बर को होगी। इस दिन यह बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे कलेकट्रेट के सभागार में आयोजित होगी। बैठक में बांधों में पानी की उपलब्धतानुसार रबी फसल हेतु चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही अन्य विषयों पर भी निर्णय लिए जायेंगे।




# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर शासन की विभिन्न योजनाओं के कार्ड वितरित किये





ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 ग्वालियर के हितग्राहियों के लिए विभिन्न योजानाओं के 767 कार्ड एवं राशन पात्रता पर्ची वितरण करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का उद्धेश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न हो। इसी उद्धेश्य को परिपूर्ण करते हुए गरीब, असहाय व जरूरतमंद नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी जरूरत मंद की सेवा से बडा कोई कार्य नही होता है। साथ ही कहा कि आंगे भी इसी प्रकार कैंप आयोजित कर जरूरत मंद को लाभ दिया जायेगा। क्षेत्र में एक भी पात्र व्यक्ति राशन की पात्रता पर्ची व आयुष्मान कार्ड से वंचित नही रहना चाहिए।

इस अवसर पर आज ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6 व 7 के हाथठेला व कामकाजी 189, राशन की पात्रता पर्ची 515 व पेंशन के 63 पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी वर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों के गणमान्य नागरिक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478